कार्तिक कृष्ण पक्ष 2, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 116 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

19 अक्टूबर 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

30 अधिकतम

22 न्यूनतम



Page- 7

### भोपाल में रोड कांग्रेस के राष्ट्रीय सेमिनार में नितिन गडकरी ने दी सलाह

# निर्माण की क्वालिटी बढ़ाने व लागत कम करने पर विचार करें इंजीनियर्स

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने आज भोपाल में कहा कि सड़क निर्माण में जुटे इंजीनियर देश के असली शिल्पकार हैं। वे ही आधुनिक भारत के विश्वकर्मा हैं और उन्हें इस दिशा में और सोचना चाहिये कि निर्माण की गुणवत्ता में निरंतर बेहतरी आती रहे और निर्माण की लागत में कमी हो।

गडकरी यहां भारतीय सड़क कांग्रेस तथा मप्र के लोकनिर्माण विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। यह सेमिनार भी नयी तकनीक से सडक व पुलों के निर्माण पर केंद्रित है। इस मौके पर मुख्मयंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे और उन्होंने मप्र को गडकरी द्वारा निरंतर सौगातें दिये जाने पर हर्ष जताया।

कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि सरकार का भी लगातार यही फोकस है कि सड़क निर्माण की तकनीक लगातार विकसित हों और नवाचारों व नयी संभावनाओं का भरपूर दोहन करके बेहतरीन गुणवत्ता वाली सड़के बनें। जिस राज्य में अधोसंरचना ठोस हों और बिजली व यातायात की बेहतर उपलब्धता हो तो वहां निवेश और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि देशभर से आये सड़क निर्माण विशेषज्ञ और इंजीनियर्स इस दिशा में लगातार सोचें कि कैसे उन्त तकनीकों व नियंत्रित लागत का संयोजन निर्माण कार्य में हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब सडके अ च्छी बनती हैं तो मंत्री की तारीफ होती है लेकिन सच तो यही है कि सडकें बनाने के लिये मैं खुद नहीं जाता,बल्कि आप इंजीनियर्स ही इसे बनाते हैं। इसीलिये क्वालिटी आफ कंस्ट्रक्शन और कास्ट ऑॅफ कंस्ट्रक्शन पर फोकस करें। गडकरी ने मुख्यसचिव अनुराग जैन की भी तारीफ की और कहा कि वे कुछ दिन पहले तक हमारे मंत्रालय में सचिव थे और उन्होंने बहुत बेहतर काम किया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री यादव व गडकरी ने दो दिवसीय सेमिनार का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। दोनों ने प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में सड़क व पुल निर्माण निर्माण में लगने वाली नई मशीनरी और तकनीकों, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए आईटी तकनीक के उपयोग तथा सड़क व यातायात सुरक्षा से संबंधित सामग्री का प्रदर्शन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग जैन, भारतीय सड़क कांग्रेस के अध्यक्ष केके पिपरी, सचिव एस के निर्मल सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, भारतीय सड़क कांग्रेस के पदाधिकारी, विषय विशेषज्ञ तथा इंजीनियर उपस्थित थे।




### गडकरी ने हमारी दीवाली होली मना दी : मुख्यमंत्री

इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री गडकरी का छह हजार करोड का भोपाल से कानपुर बायपास मंजूर करने पर आभार जताया और कहा कि वे 25हजार करोड के कामों की और सौगात देना चाहते हैं। यानि हमारी होली दीवाली तो आज त्योहार के पहले ही मन गई है। यादव ने कहा कि सड़क और पुल निर्माण की गुणवत्ता को सुधारने तथा समयबद्ध और टिकाऊ अवसंरचना के विकास के संबंध में सरकारी और निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर अनुभवों तथा नवाचारों को साझा करना सेमिनार का उद्देश्य है।

### आज पीएम सड़क व पुल तकनीक पर मंथन

इस सेमिनार में विभिन्न तकनीकी-सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से आए हुए विशेषज्ञ नई तकनीकों, निर्माण सामग्रियों और ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) अनुबंध निष्पादन की चुनौतियों पर अपने विचार और अनुभव साझा करेंगे।सेमिनार के पहले दिन प्रमुख चर्चाओं में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नई तकनीकों का कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर फोकस रहेगा। सड़क सुरक्षा, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए आईटी तकनीकों का उपयोग, और सीमांत सामग्रियों के उपयोग पर भी गहन मंथन किया जाएगा।

## कनाडा के अधिकारी को भगोड़े आतंकियों की सूची में शामिल किया भारत ने

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत और कनाडा के बीच लगातार बढ़ते तनाव के बीच अब सीमा सेवा एजेंसी के एक अधिकारी का नाम शामिल किया है। इस लिस्ट में शामिल आतंकियों को भारत अब कनाडा से निर्वासित करना चाहता है। भारत ने यह सूची ट्रूडो प्रशासन को सौंपी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रतिबंधित इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के सदस्य और सीबीएसए में कार्यरत संदीप सिंह सिद्धू को पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में उसकी कथित संलिप्तता के लिए सूची में शामिल किया गया है। सिद्धू कथित तौर पर 2020 में बलविंदर सिंह संधू की हत्या को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान के खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह रोडे के साथ-साथ आईएसआई के अन्य गुर्गों के साथ संपर्क में था। संधू को खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ अपनी लड़ाई के लिए जाना जाता था। वह अलगाववादी आंदोलन में प्रतिरोध का प्रतीक बन गए थे।



## बाबा सिद्दीकी के बेटे की पोस्ट ने सस्पेंस बढ़ाया



**मुंबई।** राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में अब तक नौ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी ने एक रहस्यमयी पोस्ट साझा कर सनसनी मचा दी है। उन्होंने महाराष्ट्, के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से भी मुलाकात की है। माना जाता है कि मुलाकात में उन्होंने फड़णवीस को अपने पिता की हत्या के मामले में अब तक की पुलिस जांच की पूरी जानकारी दी। इससे पहले जीशान ने परिवार के लिए न्याय की मांग की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जीशान सिद्दीकी ने कहा, जो छिपा है, जरूरी नहीं कि वह सो रहा हो। जो सामने दिख रहा है, जरूरी नहीं कि वह बोलता हो। इस पोस्ट के अर्थ तलाशे जा रहे हैं। वहीं अभिनेता सलमान खान को लगातार मिल रही धमकियों से पुलिस भी परेशान है। उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## महिला अपराधों के खिलाफ उपवास पर बैठे कांग्रेस नेता




भोपाल। मप्र में बालिकाओं और महिलाओं पर हो रहे अपराधों व ड्रग्स कारोबार का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के बेटी बचाओं अभियान के तहत आज राजधाानी के रोशनपुरा चौराहे पर पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अजय सिंह, अरूण यादव, जीतू पटवारी समेत अनेक वरिष्ठ नेता विधायक उपवास पर बैठे।

## इजराइली पीएम नेतन्याहू के घर के नजदीक हिजबुल्ला का ड्रोन हमला

**चंड़ीगढ़, एजेंसी।**



हिजबुल्ला ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास के नजदीक एक इमारत पर ड्रोन हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह खबर सामने आई है। लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्ला पर इस हमले का शक जताया जा रहा है। वहीं सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि यह ड्रोन हमला इस्राइल के काएसेरिया इलाके में स्थित पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास पर हुआ। हमले के वक्त बेंजामिन नेतन्याहू घर पर मौजूद नहीं थे। हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सोशल मीडिया में सऊदी अरब के मीडिया चैनल के हवाले से दावा किया गया है।

### मजबूत डिफेंस सिस्टम को भेदने से खलबली मची

अभी तक इस मामले में जो जानकारी सामने निकलकर सामने आ रही है उससे पता चला है कि ड्रोन सीधे अपने लक्ष्य को हिट करने में सक्षम था. इजरायली सुरक्षा बलों ने स्वीकार किया कि ड्रोन ने उसका एयर डिफेंस सिस्टम हमले को रोकने में विफल रहा जिसकी वजह से यह हमला हुआ. को भेद दिया और उसके इलाके में घुस गया। इसके बाद निगरानी बढ़ा दी गई है और इजराइल के लड़ाकू विमान आसमान में गश्त कर रहे हैं। इज़रायली सेना के अनुसार, लेबनान से हाइफ़ा की तरफ तीन ड्रोन आए थे जिनमें से केवल दो का पता चल सका।

**मेट्रो एंकर** — खूब खर्च की शौकीन नयी पीढी से बाजार को उम्मीदें

# जनरेशन Z के हाथों अर्थव्यवस्था की कमान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अब भारत की इकोनॉमी को आगे बढ़ाने की कमान उन युवाओं के हाथ में आने वाली है जो वर्ष 97 के बाद पैदा हुए हैं। यह लोग अर्थव्यवस्था को गति देते रहेंगे। दरअसल इकोनॉमी की रफ्तार के लिये सबसे बड़ी वजह खपत होती है। यानि लोग जितना ज्यादा खर्च करेंगे उतनी ही तेजी से देश की अर्थव्यवस्था भी दौड़ लगाएगी। नयी पीढ़ी के भारतीय वैसे भी खर्च करने के शौकीन हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें नौकरी और इनकम का भरोसा चाहिए होता है। अब खर्च करने का ये ट्रेंड भारतीय युवा यानी जेनरेशन -जी में नजर आता है।

यह वो पीढ़ी है, जो 1997 से 2012 के बीच जन्मी है। ये सबसे युवा पीढ़ी अपने खर्च के जरिये खपत बढ़ाने में महत्वपूर्ण रोल निभा रही है।मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हाल में बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और स्नैपचैट की पैरेंट कंपनी स्नैप इंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2035 तक ये आबादी 2 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 168 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। देश में रहने वाली अब तक की सबसे बड़ी और युवा पीढ़ी जनरेशन जेड की आबादी 37.7 करोड़ से ज्यादा है। इनका कुल खर्च 860 अरब डॉलर है, जो भारत की कुल खपत का करीब 43 फीसदी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 860 अरब डॉलर में से करीब 200 अरब डॉलर ये आबादी खुद खर्च करती है. बाकी 660 अरब डॉलर का खर्च इनकी सिफारिशों या प्राथमिकताओं से प्रभावित होकर दूसरे लोग खरीदारी पर करते हैं।



### 10 वर्ष में दो लाख करोड़ खर्च करेंगे युवा

इससे देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जाने वाली खपत में ज्यादा तेजी आएगी. ये रकम खपत आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में काफी मददगार होगी। चूंकि इस जनरेशन जेड की आबादी 37.7 करोड़ से ज्यादा है तो इनके खर्च के रुझान से पता चलता है कि 2035 तक यह 2 लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा। ये आबादी खपत के जरिये अगले दो दशकों में भारत के विकास के भविष्य को आकार देगी। अनुमान है कि अगले वर्ष यानि 2025 तक ही जनरेशन जेड आबादी सीधे तौर पर 250 अरब डॉलर खर्च करेगी।





# मेट्रो प्रोजेक्ट: लेटलतीफी से अटकी राशि

**भोपाल।** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की लेटलतीफी से 2500 करोड़ रुपए से ज्यादा का लोन अटक गया है। यूरोपियन बैंक ने समय सीमा के आधार पर लोन की किस्त तय की थी, पर सब गड़बड़ हो गया। डिपो तक का काम अधूरा है। बैंक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से देरी की वजह पूछ रही है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर अगली राशि मिलने में दिक्कत हो सकती है। दरअसल, पहले चरण की दो लाइन के लिए 6941 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। एम्स से करोंद तक पहली लाइन 6.22 किमी प्रायोरिटी कॉरिडोर सितंबर 2023 में शुरू होना था। देरी के कारण अब नए साल की पहली तिमाही में भी शुरू होने के दावे हैं। एम्स से करोंद व भदभदा से रत्नागिरी तक 32 किमी लंबी दो लाइनों का काम 2027 तक पूरा कर कमर्शियल रन होना है। यहां भी धीमी रफ्तार है। पहली लाइन में 3.32 किमी अंडरग्राउंड लाइन है और अगले 8 माह अंडरग्राउंड टनल की खुदाई शुरू नहीं हो पाएगी। वहीं अब अधिकारी कह रहे हैं कि काम की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़ी वित्तीय संस्थाओं से लेकर अन्य एजेंसियों के सामने स्थिति स्पष्ट की जा रही है ताकि सब मिलकर प्रोजेक्ट को पूरा कराने में सहयोग करे।

# इंजीनियरों को एफएम ट्रांसमीटर के संचालन का प्रशिक्षण मिला

## आकाशवाणी भोपाल में हुआ वर्कशॉप का आयोजन



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

आकाशवाणी भोपाल के सहयोग से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ ब्रॉडकास्टिंग एंड मल्टीमीडिया द्वारा भोपाल में आयोजित ट्रांसमीटर की ट्रेनिंग एवं वर्कशॉप का समापन आज हुआ। यह प्रशिक्षण 14 अक्टूबर को शुरू हुआ था। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ ब्रॉडकास्टिंग एंड मल्टीमीडिया, प्रसार भारती का एक प्रमुख संस्थान है, जिसका उद्देश्य आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, और गुजरात के विभिन्न आकाशवाणी केंद्रों से आए इंजीनियरों को एफएम ट्रांसमीटर के संचालन का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के समापन पर, आकाशवाणी भोपाल के उप महानिदेशक यशवंत हरिश्चंद्र चिवंडे और उपनिदेशक अजीम अहमद हाशमी द्वारा सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# सेक्ट कॉलेज बीएड में फ्रेशर्स पार्टी संपन्न

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सेक्ट कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन बी. एड. में 2024 के प्रथम वर्ष छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर नीलम सिंह रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई' प्राचार्या डॉ. नीलम सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको हर चुनौतियों का डटकर सामना करना है और उसमें सफल बनना है। साथ ही अपनी कार्यक्षमता को भी बढ़ाना है। कार्यक्रम के पहले राउंड में फ्रेशर्स का परिचय प्रदान किया गया। दूसरे राउंड में रैंप वॉक हुआ। उसके पश्चात अंतिम राउंड में मिस्टर और मिस फ्रेशर की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। इसमें कई गेम्स शामिल रहे। समारोह का संचालन विदुषी सिटोके और सना अजीज खान ने किया। कार्यक्रम का समापन विजेताओं की घोषणा के साथ हुआ।

## सवारी दिखते ही लग जाते है ब्रेक

# लो-फ्लोर बसों के कहीं भी खड़े होने से बिगड़ रही है यातायात व्यवस्था



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में कोलार मेन रोड में कुछ साल पहले स्थापित किए गए बस स्टापेज भी अब सिक्सलेन सड? निर्माण के कारण हटाए जा रहे हैं। स्टापेज हटने के बाद लो-फ्लोर बसों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। अब यह बसें कहीं भी खड़ी होने लगी हैं। दरअसल, शहर के इलाके नेहरू नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, कोलार रोड, शाहपुरा, गुलमोहर, रोहित नगर सहित कई इलाकों में संचालित लाल बसें यानी लो-फ्लोर बसों के पहिए कहीं भी रुक जाते हैं। बिना बस स्टॉप के बस रोकने के कारण वाहन चालकों को आए दिन परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। कई बार तो बसों के पीछे चलने वाले वाहनों को अचानक बस के खड़े होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त भी होना पड़ रहा है। ऐसे में वाहन चालकों की मांग है कि लो-फ्लोर बसों को संचालित करने वाली कंपनियां इस बात पर जोर दें कि जहां पर बस स्टॉप हो वहीं पर यह बसें खड़ी हो। हर कहीं सवारी बैठाने के लिए बस रोकना सही नहीं है।

कोलार रोड में सडक निर्माण के कारण आधे स्थानों पर बस स्टॉप नहीं बने हैं। गेहूंखेड़ा से लेकर बैरागढ़ चीचली और फिर हिनोतिया आलम फोरलेन सडक से जेके ब्रिज तक जहां सवारी मिलती हैं, वहीं बस वाले लो-लोर बस खड़ी कर देते हैं। इससे एक्सीडेंट हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि शहर के नेहरू नगर इलाके में लो-लोर बस ड्राइवर नियमों को नहीं मानते।

जहां उन्हें सवारी मिलती है, वही वे बस के ब्रेक लगा देते हैं। इससे बस की पीछे चलने वाले वाहनों को बहुत परेशानी होती है। कई बार एक्सीडेंट भी होते हैं। इस पर तत्काल एक्शन होना चाहिए।

### रहवासी होते हैं परेशान

नेहरू नगर क्षेत्र में चौराहे पर ट्रैफिक का अधिक दबाव होने के कारण वहां से करीब 100 मीटर दूर बस स्टॉप बनाया गया है, लेकिन लो-लोर बस के ड्राइवर बस स्टॉप पर ना खड़े होकर सीधे चौराहे पर ही वाहन खड़ा कर रहे हैं। इससे एक तो वहां जाम लग रहा है, दूसरा लोगों को भी अव्यवस्था हो रही है। कई मुख्य सड ?ों पर ट्रैफिक दबाव अधिक होने के कारण बस रुकते ही पीछे आ रहे वाहनों को परेशान होना पड़ता है। दुर्घटनाओं का भय भी बना रहता है। दूसरी और निर्धारित स्टापेज नहीं होने से यात्रियों को यह पता नहीं चल पा रहा है कि बस आखिर कहां खड़ी होगी। यही कारण है कि सवारी दिखते ही ड्राइवर ब्रेक लगा देते हैं।

### बसों के स्टॉपेज तय करना जरूरी

लो-लोर बसों में सबसे अधिक यात्री सर्वधर्म कॉलोनी, मंदाकिनी चौराहे, बीमाकुंज, विनीतकुंज तिराहे एवं गेहूंखेड़ा नहर चौराहे से सवार होते हैं। इन क्षेत्रों में जल्द से जल्द नए स्टापेज बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। हाल ही में विधायक, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम प्रशासन के अफसरों ने नए बस स्टापेज जल्द तय करने के लिए निरीक्षण किया था।

# समाजसेवी भावनानी के बेटे का निधन, शोक सभा



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में दुबई निवासी समाज सेवी एवं उद्योगपति नरेश भावनानी के पुत्र श्री कपिल भावनानी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, कन्हैयालाल मोटवानी, विद्यायल के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, समस्त शिक्षक समुदाय एवं विद्यार्थियों द्वारा मौन धारण कर शोक प्रकट किया। इस अवसर पर कहा गया कि कपिल भावनानी के पिता नरेश भावनानी का दुबई में रहते हुए भी हमारे विद्यालय में बच्चों पर आशीर्वाद रहता था। वे समाज सेवा में हमेशा आगे रहते हैं उनके जवान बेटे की सडक हादसे में मृत्यु होना दिल को पीडा देती है। भगवान उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की शक्ति प्रदान करे।

# वीमेंस विंग की एक्सीबीशन, दिखा फैशन का जलवा

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

कोई सीक्वेंस साड़ी देख रही थी तो किसी को करवाचौथ पर सबसे अलग दिखने के लिए के अपनी पसंदीदा ड्रेस की तलाश थी, किसी को पोटली बैंग पसंद आया, तो किसी परफ्यूम्स का कलेक्शन, हर महिला किसी ना किसी स्टॉल पर खरीदारी करती हुई दिखाई दे रही थी। मौक़ा था वोमेंस विंग एवं प्लेहोटल के सहयोग से आयोजित करवाचौथ एवं दीपावली की प्रदर्शनी का, इस प्रदर्शनी में 40 से अधिक वैरईटी के स्टॉल लगाये गये थे जिसमें ब्राइडल वेयर, परफ्यूम्स, दीवाली सजावट, आर्टिफ़िशिल ज्वैलरी, बेडशीट, सिल्क साड़ी, दिवाली गिफ्ट, करवाचौथ श्रंगार सामग्री, फैशन डिजाइनर कपड़े सहित अन्य कई प्रकार के स्टॉल इस प्रदर्शनी में लगाये गये।



### आज महिलायें लगवा सकेंगी नि:शुल्क मेहंदी

करवा चौथ की पूर्व संध्या पर शनिवार को शाम 5 बजे से रात 12 बजे के बीच सभी महिलाऐं प्लेहोटल इन आरिया, हलालपुर बस स्टैंड, लालघाटी, भोपाल में आकर दिल्ली के आर्टिस्टों से नि:शुल्क मेहंदी लगवा सकेंगी एवं व्यंजनों का भी आनंद के सकेंगी

# कंवरराम वर्सी महोत्सव गूंजेंगे सिंधी भगत



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

शहीद संत कंवरराम साहिब का 77वां वर्सी महोत्सव संतनगर में मनाया जाएगा। दो दिवसीय महोत्सव मप्र सिंधी अकादमी और मनवानी परिवार द्वारा आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की शुरूआत साधु वासवानी स्कूल प्रांगण में 22 अक्टूबर को होगी, रात नौ बजे मोहनलाल एवं पार्टी उल्हास नगर सिंधी भगत की प्रस्तुति दी जाएगी। 23 अक्टूबर को भी रात नौ बजे सिंधी भगत का कार्यक्रम होगा।

**मेट्रो एंकर** | देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधक

# आरोग्य केन्द्र में प्राकृतिक रोग निवारण-प्रशिक्षण शिविर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से शुरू हुआ, जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से साधक-साधिकाएं खुद के डॉक्टर खुद बनो के गुर सीखने आए हैं। साथ ही उन्हें अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से शारीरिक दिक्कतों से राहत की उम्मीद भी है। शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास एवं अपक्व आहार, रसाहार, फलाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी।

शिविर के प्रथम दिन पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा दिया गया। शुभारंभ व्याख्यान रेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिस डॉ दिनेश यादव ने दिया। यादव ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना। इस दस दिवसीय शिविर में आप अपने शरीर का शुद्विकरण कैसे करेंवो सीखेगें। शरीर का शुद्विकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर रखा गया है। इस शिविर में आप ऐसी कला सीखेंगें जिससे आप सुखमय व स्वास्थ्यमय जीवन पा सकें। स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करना। दिनचर्या में परिवर्तन करेंगे तो ही आप स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे।आप अपने आप को स्वंय स्वस्थ रख सकते हैं, जो कि प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा संभव है।



शिविर मेंनियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान। शंका समाधान, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला होगा। साधकों को एनिमा, उपवास, अपक्वाहार, नींद, शुभ चिंतन व ग्रीन जूस को अपनाकर सदैव स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी। आरोग्य केन्द्र में हेल्थ प्रमोटर सर्टिफिकेट कोर्स भी इस शिविर से प्रारंभ हुआ है । जिसके बारे में भी साधकों को जानकारी डॉ दिनेश यादव द्वारा दी गई ।

## मामला सेडमैप का, कोठारी ने मीडिया को दी सफाई

**हाईकोर्ट से राहत नहीं...**

# निलंबित ईडी ने मुख्यमंत्री से की सचिव की शिकायत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो सेडमैप से निलंबित कार्यकारी निदेशक अनुराधा सिंघई ने एमएसएमई सचिव नवनीत कोठारी की शिकायत सीएम मोहन यादव से की है। उक्त मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। हालांकि अनुराधा सिंघई के खिलाफ निलंबन के बाद आरोप पत्र जारी हो गए है। आरोप पत्रों का जवाब से पहले मामले में नया बवाल खड़ा हो गया है। सिंघई ने शिकायत में कई दावे किए और मुख्यमंत्री को सीधा-सीधा पत्र लिख दिया। बताया जाता है कि इसमें कई मर्यादा का भी पालन नहीं किया। वहीं नवनीत कोठारी के खिलाफ जो शिकायतें सामने आई वह भी गंभीर बताई जा रही हैं।



**सेडमैप को घाटे से उभारा**

सिंघई ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में दावे किए कि उन्होंने जुलाई 2021 में काम संभाला, तब सैडमैप बंद होने की कगार पर था, जिसे उन्होंने घाटे से उभारा, बीते 2 वर्षों में करीब 50 हजार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा। तीन वर्षों में संस्थान घाटे से निकलकर अब टर्नओवर चार गुना हो गया है। सभी बकाया भुगतान किए गए। सेडमैप को मैनपावर आपूर्ति के लिए नोडल एजेंसी के रूप में पहचान दिलाई है। इसके लिए भ्रष्टाचार से लड़ना पड़ा। तब भी महिला होने की सजा मिल रही है, अधिकारी उत्पीड़न कर रहे हैं। अधिकारियों की ओर से सहयोग मिलने की बजाए आरोप पत्र लिए जा रहे हैं। निलंबित किया जा रहा है।

उधर अनुराधा ने आरोप लगाए कि उनसे एक ही दिन में करीब डेढ़ लाख पन्नो का डेटा मांगा गया था, जो कि एक दिन में किसी के लिए भी देना संभव नहीं था। इसके लिए एक महीने का समय मांगा गया था जो नहीं दिया और निलंबित कर दिया।

उल्लेखनीय है कि अनुराधा सिंघई सेडमैप की ईडी बतौर 021 में ज्वाइन किया था। इसके बाद उन्होंने कई कड़े कदम उठाए थे। तभी से उन पर फर्जी तरीके से नियुक्ति पाने के आरोप लगे थे। इसके बाद उन्होंने कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाही की थी तब उनका विरोध और तेज हो गया था। बीते 9 सितंबर को उन्हें निलंबित किया जा चुका है। पूर्व में भी वह एक बार कार्रवाही का सामना कर चुकी है। अब उन्होंने आरोप लगाए कि अब गुजारा भत्ता भी रोक दिया है। आरोपों के जवाब में आईएएस अधिकारी नवनीत कोठारी ने मीडिया से बातचीत में सभी आरोपों को निराधार बताया और कहा कि उन्हें आरोप पत्र दिया है।

## सरपंचों के कानूनी व वित्तीय अधिकारी बढ़ाने की तैयारी

**भोपाल।** सरकार सरपंचों के वित्तीय व कानूनी अधिकार बढ़ाने जा रही है। इस दिशा में काम शुरू किया जा चुका है। सरपंचों को 25 लाख रुपये तक के काम अपनी पंचायतों में कराने के अधिकार मिलेंगे। ये सचिव, रोजगार सहायकों की सीआर भी लिख सकेंगे। अब यदि सचिवों ने पंचायतों में ठीक से काम नहीं किया और रोजगार सहायक नियमानुसार नहीं चले तो सरपंच इनका कानूनी रूप से नुकसान करने में सक्षम होंगे। उक्त जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने शुक्रवार को पत्रकारों को दी। मंत्री ने बताया कि नगरीय निकायों की तरह ग्राम पंचायतों में भी सरपंचों के खिलाफ तीन वर्ष बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहे हैं, जिसका तीन चौथाई बहुमत से पास होना जरूरी है। सरपंच 25 लाख रुपये तक के काम करा सकेंगे। प्रशासकीय स्वीकृति से लेकर अन्य कार्रवाही में सहायक यंत्री मदद करेंगे।



## नई फार्मा नीति बनाएगा मप्र

# 160 देशों में बढ़ाएगा दवा कारोबार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार 160 देशों में दवा कारोबार बढ़ाने के लिए अपनी फार्मा नीति बदलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह घोषणा शुक्रवार को मुंबई में आयोजित केमिकल एवं पेट्रो केमिकल कान्क्लेव में की। मुख्यमंत्री ने मप्र का औद्योगिक विजन भी पेश किया और उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मप्र एक फ्यूचर रेडी स्टेट है, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों में तेजी से काम किया जा रहा है।

अभी मप्र में 275 फार्मा इकाईयां हैं, जिनमें बनने वाली दवाईयां अलग-अलग राज्यों के अलावा 160 से अधिक देशों में निर्यात की जाती हैं। दवा निर्यात में मप्र का देश में चौथा स्थान है। वर्ष 2023-24 में 11 हजार 889 करोड़ रुपये के फार्मा प्रोड्क्ट का एक्सपोर्ट हुआ है। प्रदेश में वर्तमान में 250 फार्मेसी और 35 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं।



सीएम ने उक्त कान्क्लेव में उद्योगपतियों को बताया कि मप्र में केमिकल, फार्मा, पेट्रो-केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों के लिए अच्छा परिवेश है। यही वजह रही कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीना में भारत पेट्रोलियम की 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पेट्रो-केमिकल परियोजना का भूमि-पूजन किया। 35 हजार करोड़ की गेल इंडिया की वृहद पेट्रो-केमिकल परियोजना पर काम जारी है। इससे 25 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## हाइकोर्ट का सरकार को नोटिस, निर्णय लेने के निर्देश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

**मामला छठवें वेतनमान का, पेंशनर्स भी उलझे**

मप्र हाइकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश वाली डबल बेंच ने छठवें वेतनमान की अतिरिक्त वेतनवृद्धि के संबंध में शासन को नोटिस जारी किया है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर मे बीती 5 अक्टूबर को रिट पिटिशन दायर की गई थी। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने बताया कि है कि इस याचिका में मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम 09 के नियम 9 के अनुसार वेतनवृद्धि एक समान 1 जुलाई करने के कारण कर्मचारियों को छठवें वेतनमान में 13 से 18 महीने बाद वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ मिला है।जबकि इस संबंध में केंद्र सरकार ने छठवें वेतनमान के नियम में 19 मार्च 2012 को परिपत्र जारी कर संशोधन किया, जिसके अनुसार जिसकी वेतनवृद्धि 2005 में 1 जनवरी से 1 जुलाई के बीच में होती थी, उन सभी को पांचवें वेतनमान की एक वेतनवृद्धि देकर छठवें वेतनमान में वेतन निर्धारण कर 1 जुलाई 2006 को वार्षिक वेतन वृद्धि दी जाए।

मध्यप्रदेश को छोड़कर उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य ने भी केंद्र सरकार के उपरोक्त परिपत्रनुसार अपने-अपने कर्मचारियों का वेतन निर्धारण किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के उपरोक्त परिपत्रानुसार प्रदेश सरकार के कर्मचारियों का भी वेतन निर्धारण करने के संबंध में तत्कालीन प्रांतीय उपाध्यक्ष गणेशदत्त जोशी द्वारा 22 मार्च 2012 को दिए गए ज्ञापन पर मध्यप्रदेश वित्त विभाग की नस्ती में मुख्यसचिव प्रमुख सचिव वित्त एवं वित्त मंत्री के अनुमोदन उपरांत भी आज तक आदेश जारी नहीं करने के कारण पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रकरण दायर किया गया था। इस पर गत दिवस डबल बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अब नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में निर्णय लेकर याचिकाकर्ता को सूचना देने के आदेश जारी किए गए।

## लोक निर्माण मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली

**भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बैठक लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। एसीएस के.सी.गुप्ता,एमडी एमपीआरडीसी अविनाश लवानिया, ईएनसी आर.के.मेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सिंह ने निर्माणाधीन और देरी से चल रही परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से देरी के कारणों का विस्तृत जानकारी लेकर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जा सके।




## संपादकीय

# महंगाई का उच्चतम स्तर

यूं तो हर देश की आर्थिक स्थिति के आकलन के लिए सबसे जरूरी पक्ष यह होना चाहिए कि आम लोग खानेपीने की चीजें खरीदने और उपभोग करने में कितना सहज महसूस करते हैं। यानि पेट भरने के लिए उनकी मशक्कत का स्तर क्या है। मगर पिछले कुछ वर्षों से बाजार में जरूरी वस्तुओं की महंगाई की जैसी हालत है, उसमें लोगों के लिए अपना दो वक्त का उचित भोजन जुटा पाना एक चुनौती बन गई है। कहने को सब कुछ गुलजार लगता है आंकडे चकाचौंध भरी कहानियां कहते हैं लेकिन सच यह भी है कि पेट भरने की चुनौतियां कम नहीं हुई हैं। हाल में राष्टीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, खानेपीने का सामान महंगा होने की वजह से खुदरा महंगाई सितंबर महीने में बढ़ कर 5.49 फीसद पर पहुंच गई। पिछले नौ महीने में खुदरा महंगाई का यह सबसे ऊंचा स्तर है। इस पर काबू पाने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारतीय रिजर्व बैंक लगातार खुदरा महंगाई दो फीसद की कमी या बढ़ोतरी के साथ चार फीसद के स्तर पर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मगर यह चार फीसद की उस सीमा के पार पहुंच गई है। बीते दिनों भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नए बाहरी सदस्यों के साथ इस सप्ताह नीतिगत समीक्षा की थर। उसने यह निर्णय लिया कि वह नीतिगत रीपो दर को 6.5 फीसदी के स्तर पर अपरिवर्तित रखेगी। परंतु एमपीसी ने नीतिगत रुख को समायोजन वापस लेने से बदलकर तटस्थ करने का निर्णय लिया ताकि कुछ बाजार सहभागियों की अपेक्षा के अनुरूप स्वयं को अधिक लचीला बना सके। परंतु इस बदलाव को वित्तीय बाजारों को ऐसे किसी संकेत के रूप में नहीं देखना चाहिए कि दिसंबर में होने वाली बैठक में नीतिगत दरों में कटौती हो जाएगी। एमपीसी का नीतिगत प्रस्ताव और रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का वक्तव्य स्पष्ट संकेत देता है कि भारतीय केंद्रीय बैंक महंगाई दर घटने की प्रक्रिया के पूरा होने तक प्रतीक्षा करने का इच्छुक है। यानि लोगों को ईएमआई अभी कम नहीं होगी और उनकी जेब पर बोझ बना रहेगा। गौरतलब है कि बीते कुछ समय में रोजमर्रा की जरूरतों, खासकर खानेपीने की चीजों की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। महंगाई के मोर्चे पर कभी थोक बाजार के आंकड़ों में राहत के संकेत दिखाए जाते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि जरूरी चीजों की खुदरा कीमतों पर इसका शायद ही कोई बड़ा असर दिखता है। रोजगार और आय में कमी, इसके स्रोतों की अनिश्चितता या लंबे समय से स्थिरता की वजह से ज्यादातर लोगों के सामने खानेपीने के सामान की कीमतें चुनौती बन गई हैं और कुछ भी खरीदते हुए लोगों को अपनी क्रयशक्ति के बारे में सोचना पड़ता है। हालत यह है कि बाजार में सब्जियों की कीमतें जिस तरह आसमान छू रही हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए जरूरत से काफी कम खरीदना मजबूरी हो गई है। यहां तक कि दूध व अंडे का दाम आसमान पर है। यह स्थिति तब है जब खानेपीने की चीजों को प्राथमिकता देने के क्रम में लोग कई बार घरेलू या अन्य जरूरतों को पूरा करने का मामला टाल देते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था और विकास की चकाचौंध में कितने लोग अपनी जगह बना पा रहे होंगे। ऐसे हालातों में जब यह खबरें प्रमुखता से जगह पाती हैं कि फलां उद्योगपति या रईस की संपत्ति में इजाफा हुआ तो बहुत बड़ा तबका कैसी प्रतिक्रिया करता होगा, सोचा ही जा सकता है।

हम अपने को सिर्फ़ अपनी संभावनाओं की कसौटी पर नाप सकते हैं। जिसने अपनी संभावनाओं को आख़िरी बूँद तक निचोड़ लिया हो, उसे मृत्यु के क्षण की कोई चिंता नहीं करनी चाहिए। – निर्मल वर्मा

## आज का इतिहास

- 1568 - अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।
- 1740 - मारिया थेरेसा आस्ट्रिया, हंगरी और बोहमिया की शासक बनी।
- 1774 - कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) भारत की राजधानी बनी।
- 1822 - लंदन संडे टाइम्स का पहला अंक प्रकाशित हुआ।
- 1880 - एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई
- 1904 - चिली और बोलविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षकर किये।
- 1905- रूस में 11 दिन तक चले ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई।
- 1946 - वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने 20 अक्टूबर को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।
- 1947 - अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये।
- 1962 - चीन ने भारत पर हमला किया और अरुणाचल प्रदेश के रास्ते भारत के अंदर तक प्रवेश की कोशिश की।
- 1991 - भारत के उत्तरकाशी में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।
- 1995 - संयुक्त राष्ट्र महासभा का विशेष स्वर्ण जयंती अधिवेशन आरम्भ। श्रीलंका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजाह कप फाइनल ट्रॉफी अपने नाम किया था।
- 1998 - मालदीव के राष्ट्रपति अब्दुल गयूम पांचवी बार पुनः राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित हुए थे।
- 2000 - बेटिकन सिटी में जीवन पर्यन्त दबे-कुचले वर्ग के लिए संघर्ष करने वाली गरीबों की मसीहा मदर टेरेसा को रोमन कैथोलिक चर्च की सर्वो'च सत्ता पोप जॉन पाल द्वितीय का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। बोलीविया के राष्ट्रपति सांचेज का इस्तीफा स्वीकार एवं कार्लोस मेसा नये राष्ट्रपति ने मंत्रिमंडल की घोषणा की। सोयुज अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा।

## निशाना

### बदला बदला रुप है !



- कृष्णेन्द्र राय

बदल गए अचानक।
ज्ञान रहे हैं बांट।।
बदला बदला रुप है।
बंद हो गई ठाट ?
लगते कभी कूदने।
और कभी ख़ामोश।।
है किसकी रणनीति ?
कहें किसका दोष।।
ये कैसा व्यवहार।
करने को उद्धार।।
लगता चल कर इसी राह।
है आनी बहार ?
किया कभी अपमान।
कभी करते प्यार।।
कर सकते प्रवेश।
शायद नए द्वार।।

# 'फाइव आइज़' के कंधे पर भारत विरोधी खेल

■ पुष्परंजन



**बहरहाल, कनाडा के उच्चायुक्त पद पर नादिर पटेल साढ़े तीन साल के लगभग रह पाए, उनकी जगह कैमरोन मैके को 16 मार्च, 2022 को तैनात किया गया। लेकिन कैमरोन मैके वही कर रहे हैं, जो उनका कमांड करने को बोल रहा है। ट्रूडो एक बार फिर 9 और 10 सितंबर, 2023 को दिल्ली आये। दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं, लेकिन ट्रूडो को नज़रअंदाज़ कर दिया। इससे नाराज़ कनाडा ने अगले माह व्यापार मिशन के एक कार्यक्रम को कैंसिल कर दिया। इस नूराकुश्ती का एक दिलचस्प पहलू यह है, कि भारत ने कनाडा को निर्यात में लगातार वृद्धि की है। 2016-17 में 2.0 बिलियन डॉलर से यह बढ़कर 2023-24 में 3.8 बिलियन डॉलर हो गया है।**

कोई हाथ भी न मिलाएगा, जो गले मिलोगे तपाक से।' कनाडा-भारत के शिखर नेताओं के सम्बन्ध पर कोई एक लाइन की टिप्पणी मांगे, तो बशीर बद्र का यह शे'र काफी है। आप पूछियेगा, मोदी आख़िरी बार कनाडा के प्राइम मिनिस्टर जस्टिन ट्रूडो से कब गले मिले थे? 23 फ़रवरी, 2018 को पीएम मोदी ने आख़िरी बार जस्टिन ट्रूडो को 'हग' किया था। ट्रूडो आठ दिन की यात्रा पर भारत आये थे। राष्टपति भवन में जस्टिन ट्रूडो, और उनके परिवार का भव्य स्वागत पीएम मोदी की उपस्थिति में किया गया। अब 'हग' करना तो दूर, दोनों नेता हाथ मिलाने से कतराते हैं।

लेकिन, ट्रूडो को ख़लिश इस बात की थी, कि बेंजामिन नेतन्याहू, बराक ओबामा, शेख हसीना और अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का विमानस्थल पर स्वागत करने वाले मोदी ने उन्हें हवाई अड्डे पर रिसीव क्यों नहीं किया? जस्टिन ट्रूडो से दरअसल पीएम मोदी खुन्नस खाये हुए थे। जस्टिन ट्रूडो अपनी यात्रा में एक ऐसे शख्स को ले आये थे, जिसकी जानकारी मिलते ही पीएम मोदी की भृकुटियां चढ़ गईं। वह शख्स था, कनाडा का तथाकथित पत्रकार मनवीर सिंह सैनी, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 की कनाडा यात्रा का विरोध किया था। सैनी ने वैसा बैनर पकड़ रखा था, जिस पर लिखा था, 'मोदी एक आतंकवादी है', 'मोदी आपका कनाडा में स्वागत नहीं है', और 'भारत खालिस्तान से बाहर है'। तस्वीरें तब वायरल हुई थीं। 4 नवम्बर, 2015 से जस्टिन ट्रूडो सत्ता में हैं। उससे तीन माह पहले, 1 अगस्त, 2015 को पीएम मोदी जब कनाडा गए थे, तब यह बैनर कांड हुआ था, उस समय स्टीफन हार्पर सत्ता में थे। मोदी ने इसे इग्नोर किया, और कनाडा से सम्बन्ध प्रगाढ़ करने की दिशा में कई समझौते किये। दोनों देशों के बीच सम्बन्ध सौहार्द्रपूर्ण बनें, इसे ध्यान में रखकर गुजराती मूल के नादिर पटेल को जस्टिन ट्रूडो के सत्ता में आने के कोई 10 महीने पहले दिल्ली, हाई कमिश्नर बनाकर भेजा गया था। लेकिन नादिर पटेल के संभाले बात संभल नहीं रही थी।

2018 में यात्रा समापन की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग में एक पार्टी का आयोजन था, जिसमें सिख अलगाववादी जसपाल अटवाल को, ट्रूडो के साथ आये एक सांसद ने पार्टी में आमंत्रित किया था। जसपाल अटवाल को 1986 में कनाडा की यात्रा के दौरान एक भारतीय कैबिनेट मंत्री की हत्या की कोशिश करने का दोषी ठहराया गया था। अटवाल को जेल में डाल दिया गया। रिहा होने के बाद अटवाल व्यवसायी बन गए। बाद में अटवाल जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी के समर्थक बन गए, और वाशिंग मशीन में धुल गए।

बहरहाल, कनाडा के उच्चायुक्त पद पर नादिर पटेल साढ़े तीन साल के लगभग रह पाए, उनकी जगह कैमरोन मैके को 16 मार्च, 2022 को तैनात किया गया। लेकिन कैमरोन मैके वही कर रहे हैं, जो उनका कमांड करने को बोल रहा है। ट्रूडो एक बार फिर 9 और 10 सितंबर, 2023 को दिल्ली आये। दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं, लेकिन ट्रूडो को नज़रअंदाज़ कर दिया। इससे नाराज़ कनाडा ने अगले माह व्यापार मिशन के एक कार्यक्रम को कैंसिल कर दिया। इस नूराकुश्ती का एक दिलचस्प पहलू यह है, कि भारत ने कनाडा को निर्यात में लगातार वृद्धि की है। 2016-17 में 2.0 बिलियन डॉलर से यह बढ़कर 2023-24 में 3.8 बिलियन डॉलर हो गया है।

कनाडा में इस बार आम चुनाव जस्टिन ट्रूडो जीत पाएंगे? इस सवाल के हवाले से कई सर्वे एजेंसियां शक ज़ाहिर कर रही हैं। कनाडा में प्रवासी सिख वोटर्स के बीच जस्टिन ट्रूडो अपनी लोकप्रियता बनाये रखना चाहते हैं। 'एंटी मोदी हाइप' के पीछे यह सबसे बड़ा कारण है। किसान आंदोलन के समर्थन में दिसंबर, 2020 को जो बयान जस्टिन ट्रूडो ने दिया, वह भी इसी रणनीति का हिस्सा था, जो मोदी से निजी अदावत को भी आगे बढ़ा रहा था। 2021 की जनगणना के अनुसार, कनाडा में 771,790 सिख रहते हैं। आप कह सकते हैं कि पंजाब के बाहर कनाडा में सबसे बड़ी सिख आबादी है। चुनाव अमेरिका में भी है, जिसके लिए 70,697 सिख वोटर मायने रखते हैं। कनाडा के बाद ब्रिटेन दूसरा देश है, जहां सिखों की आबादी पांच लाख, 35 हज़ार है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है जहां दो लाख, 10 हज़ार 400 सिख बसे हुए हैं। न्यूज़ीलैंड में 41 हज़ार सिख आबादी है। ये 'फाइव आइज़' वाले वो देश हैं, जहां बसी सिख आबादी को मुख्यधारा की राजनीति इग्नोर नहीं कर सकती।

दोनों लीडरशिप के बीच तनाव 2023 से ज्यादा तेज़ हुआ है। उसका मुख्य कारण आम चुनाव कहें, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। 18 जून, 2023 को 45 वर्षीय अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की वैंकूवर के उपनगर शहर सरे में गुरुद्वारे से निकलते समय हत्या कर दी गई थी। उसकी हत्या से दो साल पहले 2020 में, हरदीप सिंह निज्जर को भारत सरकार द्वारा 'आतंकवादी' घोषित कर दिया गया था। निज्जर की हत्या मामले में 'फाइव आइज़' वाले देश भारत के विरुद्ध संयुक्त मोर्चा खोल चुके हैं। उसमें घी का काम गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या वाली तथाकथित साज़िश कर रही है, जिसके लपेटे में गृहमंत्री अमित शाह और राष्टीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल तक आ गए हैं। जिस तरह से सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आई हुई है, उसने कई सवालों को जन्म दिया है।

19 सितंबर, 2024 को, ओटावा ने एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया, और भारत ने भी एक कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करके जवाबी कार्रवाई की। निष्कासन उसी समय हुआ जब ओटावा ने घोषणा की कि वह निज्जर की हत्या से भारतीय सरकारी एजेंटों को जोड़ने वाले 'विश्वसनीय आरोपों की सक्रिय रूप से जांच कर रहा है'। कनाडा और भारत ने इस सप्ताह एक-दूसरे के खिलाफ बदले की कार्रवाई करते हुए 12 राजनयिकों को निष्कासित कर दिया, जिनमें दोनों देशों के शीर्ष राजदूत भी शामिल थे। 81 साल से 'फाइव आइज़' ब्रिटेन-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड के बीच ख़ुफ़िया सहयोग कर रहा है, लेकिन क्या इनकी सूचनाओं से चुनावी लक्ष्य भी निर्धारित होता है? ट्रूडो ने न सिर्फ मोदी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, चीनी राष्टपति शी भी इस बार निशाने पर हैं।

तीन साल पहले का एक वाकया है, 2021 में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में एक पेपर प्रस्तुत किया गया था, कई उदाहरणों के साथ जिसका निष्कर्ष था, 'फाइव आइज़ न सिर्फ़ जासूसी गठबंधन है, बल्कि इसके नेता एक-दूसरे के राजनीतिक हितों का ध्यान रखते हैं।' समझदार के लिए इतना इशारा काफ़ी है!

-साभारः लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

## आसियान की चुनौतियां

# महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है भारत

■ केएस तोमर

**सुरक्षा के लिहाज से, आसियान-नेतृत्व वाले मंचों में भारत की भागीदारी और समुद्री सहयोग, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करते हैं। भारत के रक्षा संबंध, संयुक्त सैन्य अभ्यास और रणनीतिक साझेदारी, क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करते हैं।जलवायु परिवर्तन में, भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा के अनुभव को साझा कर आसियान की हरित संरक्षण में मदद कर सकता है। भारत-म्यांमार-थाइलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से, आसियान के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाकर भारत व्यापार गतिशीलता को प्रोत्साहित कर सकता है।भारत का संतुलित भू-राजनीतिक दृष्टिकोण, आसियान को क्षेत्र में अपनी केंद्रीयता बनाए रखने में मदद करता है, जिससे एक बहुध्रुवीय, स्थिर दक्षिण-पूर्व एशिया की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।**



आसियान की सफलता हेतु आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करके भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। व्यापार और निवेश में सुधार, खासकर आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जरिए, आर्थिक वृद्धि को समर्थन दे सकता है। भारत की डिजिटल और तकनीकी क्षमता, विशेषकर आईटी और फिनटेक में, आसियान की डिजिटल अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास में मदद कर सकती है, जिससे एकीकृत क्षेत्रीय बाजार का निर्माण हो सके।हालिया आसियान शिखर सम्मेलन म्यांमार संकट पर कोई ठोस प्रगति करने में विफल रहा, जिसका मुख्य कारण आंतरिक विभाजन और ब्लॉक की गैर-हस्तक्षेप नीति रही। नेताओं ने म्यांमार के जारी गृहयुद्ध और मानवाधिकार उल्लंघनों पर चर्चा की, लेकिन कोई ठोस कदम या प्रतिबंध तय नहीं हो सका। शांति बहाली के लिए आसियान की पांच-सूत्री सहमति अब तक लागू नहीं हो पाई है, और म्यांमार की सैन्य सरकार का सहयोग न के बराबर है। थाइलैंड और कंबोडिया जैसे देशों द्वारा जुंटा से संपर्क ने आसियान की प्रतिक्रिया को कमजोर किया।

सुरक्षा के लिहाज से, आसियान-नेतृत्व वाले मंचों में भारत की भागीदारी और समुद्री सहयोग, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करते हैं। भारत के रक्षा संबंध, संयुक्त सैन्य अभ्यास और रणनीतिक साझेदारी, क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करते हैं।जलवायु परिवर्तन में, भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा के अनुभव को साझा कर आसियान की हरित संरक्षण में मदद कर सकता है। भारत-म्यांमार-थाइलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से, आसियान के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाकर भारत व्यापार गतिशीलता को प्रोत्साहित कर सकता है।भारत का संतुलित भू-राजनीतिक दृष्टिकोण, आसियान को क्षेत्र में अपनी केंद्रीयता बनाए रखने में मदद करता है, जिससे एक बहुध्रुवीय, स्थिर दक्षिण-पूर्व एशिया की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। हाल में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में भारत की प्रतिबद्धता, आसियान के विकास और स्थिरता में उसकी सहायक भूमिका को और मजबूत करती है।प्रधानमंत्री मोदी ने 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में अपने दस-सूत्री संदेश में प्रमुख क्षेत्रों में आसियान के साथ साझेदारी पर बल दिया। उन्होंने हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी की आवश्यकता पर बल दिया। समुद्री सहयोग, व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाने और डिजिटल परिवर्तन, साइबर सुरक्षा और एआई में सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी और सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर भी जोर दिया।

दरअसल, अब आसियान कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जो उसकी प्रभावशीलता को कमजोर कर सकती हैं। 1967 में शांति, समृद्धि और क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गठित आसियान ने अपने सदस्य देशों के बीच संवाद और सहयोग के लिए एक मंच तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, कई आंतरिक और बाहरी मुद्दों ने इसकी सीमाओं को उजागर किया है।आसियान के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक भू-राजनीतिक विभाजन है। सदस्य देशों की राजनीतिक प्राथमिकताएं और विदेशी नीति अभिविन्यास भिन्न हैं, विशेष रूप से अमेरिका और चीन जैसी बड़ी शक्तियों से निपटने में। जहां कंबोडिया और लाओस, आर्थिक निर्भरता के कारण चीन की ओर झुके हुए हैं, जबकि अन्य, जैसे वियतनाम और फिलीपींस, दक्षिण चीन सागर में चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं को लेकर सतर्क हैं। बाहरी शक्तियों से संबंधों को प्रबंधित करने पर यह सहमति की कमी, आसियान की सुरक्षा और क्षेत्रीय विवादों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एकजुट मोर्चा पेश करने की क्षमता को कमजोर करती है। परिणामस्वरूप, दक्षिण चीन सागर संघर्ष अनसुलझा है।

एक और बड़ी चुनौती आसियान की संस्थागत कमजोरी है। संगठन की निर्णय लेने की प्रक्रिया, सर्वसम्मति पर आधारित होती है, जिससे अक्सर कार्रवाई में देरी होती है। घरेलू मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने के सिद्धांत ने म्यांमार और कंबोडिया जैसे अधिनायकवादी शासन को मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेही से बचने की अनुमति दी है, जिससे वैश्विक मंच पर आसियान की साख को नुकसान पहुंचा है। म्यांमार संकट इसका एक उदाहरण है। म्यांमार पर आसियान की 'पांच-सूत्री सहमति' कोई ठोस परिणाम देने में विफल रही है।आने वाले दशकों में प्रासंगिक बने रहने के लिए, आसियान को अपने संस्थागत ढांचे में सुधार करने, आर्थिक व नियामक सामंजस्य को बढ़ाने, बाहरी संबंधों के प्रति अधिक सुसंगत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होगी।

-साभारः लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र कंचन नगर रसूलिया का 'पोषण भी पढ़ाई भी' अभियान के तहत नर्सरी प्ले स्कूल में उन्नयन किया गया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को संचनालय महिला एवं बाल विकास के आदेश अनुसार पोषण भी पढ़ाई भी की थीम पर कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती आस्था शिवहरे के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र कंचन नगर रसूलिया 25.10 में पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत केंद्र को नर्सरी प्ले स्कूल में उन्नयन किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, वार्ड पार्षद महिमा रोहित गौर के द्वार फीता काटकर आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभन किया गया। जिसमें उपस्थित बच्चों को तिलक लगाकर एवं



माला पहनाकर बच्चों का स्वागत किया गया एवं बच्चों को उपहार में खिलौने दिए गए। श्रीमती स्वाति गौर एवं विजय लता साहू के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को उपहार में आंगनबाड़ी केंद्र के उन्नयन के लिए ड्रेस दिया गया एवं केंद्र पर नाश्ते के लिए कटोरी एवं प्लेट दिए गए।

श्रीमती रीना मालवीय के द्वारा केंद्र पर बच्चों के खेलने के लिए खिलौने प्रदाय किए गए। सामाजिक सहयोग से आंगनबाड़ी के उन्नयन के लिए गुप्त दान के रूप में बच्चों के लिए स्लाइड प्रदाय की गई।

श्रीमती अनीता मालवीय के द्वारा भी आंगनबाड़ी केंद्र पर उपहार में खिलौने दिए गए। रोहित गौर के द्वारा आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में विभिन्न गतिविधियों के लिए सहयोग प्रदान किया गया। वार्ड वासियों ने आंगनबाड़ी केंद्र के प्ले स्कूल के उन्नयन को लेकर विशेष उत्साह रहा ।

कार्यक्रम में पर्यवेक्षक आशा भदौरिया एवं आस्था शिवहरे कार्यकर्ता सेवंती वर्मा ,चंद्रकला शर्मा, ज्योति ठाकुर ,पुष्पा यादव ममता बमालीय एवं सहायिका सुषमा, अनामिका एवं कंचन बनोधा वार्ड वासियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

### निर्वाचन व्यय इंफोर्समेंट एजेंसियों की बैठक

# नगदी सहित विभिन्न सामग्री की नियमानुसार जब्ती के निर्देश

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन व्यय से संबंधित इंफोर्समेंट एजेंसियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन व्यय की निगरानी करने वाली सभी एजेंसियों को कार्यवाही के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी गीतेश गर्ग एवं संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत ने संबंधित एजेंसियों के नोडल अधिकारियों को नगद राशि सहित विभिन्न सामग्रियों की जप्ती की सम्पूर्ण कार्यवाही अत्यंत सावधानी पूर्वक एवं नियमानुसार करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान बताया गया कि निर्वाचन व्यय निगरानी के अंतर्गत की जाने वाली जप्ती के संबंधी कार्यवाही की जानकारी आयोग द्वारा निर्धारित Anner&ure B7 में प्रतिदिन आयोग को प्रेषित करने एवं ESMS Portal पर उस जानकारी को ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रतिदिन प्रेषित की जाने वाली सम्पूर्ण जिले की लॉ एण्ड ऑर्डर कि रिपोर्ट नोडल अधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला लीड बैंक मेनेजर को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्वाचन प्रकिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के बैंक खाते से नकद की प्रतिदिन संदेहास्पद निकासी एवं जमा की जानकारी जिले के लीड बैंक मैनेजर निर्धारित प्रपत्र में सभी बैंकों से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करें।



#### होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनें मुक्त कर वेयरहाउस में स्थानांतरण हेतु 22 अक्टूबर को ईव्हीएम वेयरहाउस खोला जाएगा

**नर्मदापुरम।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा पत्र के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन 2023 - निर्वाचन याचिका क्र 03/2024 (137-होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र) की ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी मशीनें मुक्त कर वेयरहाउस में स्थानांतरण किये जाने हेतु स्ट्रांग रूम खोलने की अनुमति प्रदान की गई हैं। जिस हेतु ईव्हीएम वेयरहाउस 22 अक्टूबर मगंलवार को दोपहर 01:00 बजे खोला जाएगा। तत्संबंध में राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों से अनुरोध किया गया है, कि उक्त कार्यवाही हेतु ईव्हीएम गोडाउन खोलने एवं बंद किये जाने के समय स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित दिनांक 22 अक्टूबर मगंलवार को तवा भवन परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस में दोपहर 01.00 बजे से कार्य समाप्ति तक उपस्थित रहें।

#### कड़ी निगरानी रखने के दिए निर्देश

जिला आबकारी अधिकारी को विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक दल गठित कर प्रतिदिन अवैध शराब परिवहन, बिक्री पर नियंत्रण रखने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों को हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन, होटल, फार्म हाऊसो, हवाला एजेंटों, वित्तीय दलालों, कैश कूरियरो आधि-व्यवसायियों और अन्य संदिग्ध एजेंसियों एवं व्यक्तियों पर जो निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अघोषित राशि के संचालन के लिए प्रयोग में लाए जाते है. इन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## पीरू सिंह राजपूत बने जिला संगठन मंत्री

**सिवनी मालवा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिकरवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजीवसिंह (गुड्डु) भदौरिया, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष (युवा) रणविजय सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष ठा. भेरुसिंह चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग श्रीमती उषा पंवार की सहमति से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ठा. यशपाल सिंह सिसौदिया द्वारा सिवनी मालवा के जिला संगठन मंत्री पीरु सिंह राजपूत कुसुमकुई को जिला संगठन मंत्री नर्मदापुरम के पद पर नियुक्त किया गया। आपकी सकारात्मक उर्जा का उपयोग क्षत्रिय महासभा को संगठित करने में एवं समाज उत्थान में निरन्तर सक्रिय रूप से कार्य करेंगे इसी विश्वास के साथ क्षत्रिय महासभा संगठन आपके स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करता है।उनकी इस नियुक्ति पर सिवनी मालवा के विभिन्न संगठनों ने बधाई दी बढ़ाई देने वालों में काका कोदर सिंह मौर्य अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला अध्यक्ष, राजपूत परिषद सिवनी मालवा से विजय सिंह ठाकुर,राजपूत महासभा के संरक्षक के सचिव भूपेंद्र सिंह ठाकुर,महाराणा सेना के प्रदेश अध्यक्ष शंभू सिंह भाटी,भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत,सचिन सिंह ठाकुर, अजीत सिंह राजपूत,युवराज सिंह ठाकुर,यशवंत सिंह ठाकुर सहित समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने बधाई दी।



# जिले के 07 विकासखण्डों के 30 कृषकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

उप संचालक उद्यान नर्मदापुरम ने बताया कि वर्ष 2024-25 में राज्य पोषित योजना के घटक कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण 05 दिवसीय में जिले के 07 विकासखण्डों नर्मदापुरम, माखननगर, सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी, केसला एवं सिवनीमालवा से 30 कृषकों को उद्यानिकी फसलों, नवीन तकनीकी, कृषि अनुसंधान कार्यों के प्रशिक्षण एवं अवलोकन हेतु रवाना हुए। गत दिवस पंकज चौरे अध्यक्ष नगर पालिका इटारसी, जयकिशोर चौधरी, मनोज चौरे सभापति कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत नर्मदापुरम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर कृषक दल को रवाना किया गया ।

कृषक दल द्वारा प्रथम दिवस कृषि विश्वविद्यालय प्रयागराज, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रयागराज, द्वितीय दिवस भारतीय सब्जी अनुसंधान केन्द्र वाराणसी, तृतीय दिवस आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय फैजाबाद, चतुर्थ दिवस भारतीय उपोष्ण बागवानी अनुसंधान केन्द्र लखनऊ एवं पंचम दिवस औषधीय अनुसंधान केन्द्र लखनऊ में बागवानी की नवीन तकनीकों, अनुसंधान कार्य, नवीन किस्में, ब्रोमेटो (बैंगन पर टमाटर की ग्राफ्टिंग), पोमेटो (आलू पर टमाटर की ग्राफ्टिंग) आदि कार्यो का अवलोकन करेंगे एवं इस दौरान प्रशिक्षण भी कृषकों द्वारा प्राप्त किया जाएगा।

> ■ **किसानों को उद्यानिकी फसलों, नवीन तकनीकी, कृषि अनुसंधान कार्यों का दिया जाएगा प्रशिक्षण**

# पिछले दिनों आंधी हवा से प्रभावित हुई फसलों का शुरू हुआ सर्वे



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

पिछले कई दिनों से हो रही तेज हवा और आंधी के साथ बारिश किसानों के लिए आपत की बारिश साबित हो रही है किसानों की फसल पक कर तैयार खड़ी काटने के लिए थी लेकिन इस बारिश से प्रभावित हो कर धान की फसल आड़ी पड़ गई है सोयाबीन की फसल को भी इससे कहीं ना कहीं नुकसान है। बारिश से प्रभावित हुई फसलों का पटवारी द्वारा सर्वे कार्य भी चालू हो चुका है इसी के चलते पिछले रोज ग्राम पंचायत पीपलठोन वेराखेड़ी गांव में फ़सल का सर्वे किया। जिसमें सरपंच उमेश अंकिले पंच सुरज सिहं रघुवंशी पटवारी नीलम कलम विलधी पटवारी श्रीमती सेन ग्राम कोटवार एवं किसान के साथ में खेत में जा कर फसल का निरीक्षण किया। कृषक सपीक खां ने बताया कि बारिश के करण हमारी फसल खराब हो गई है कृषक विनोद उइके वंटी धनगर प्रेम नारायण लोवंशी राजेन्द्र उमेश रघुवंशी संदीप उइके कमलेश अंकिले मदनलाल बाथव पप्पू अंकिले सागर सहित कृषक उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा राजस्थान मिष्ठान भंडार एवं कुलामडी रोड स्थित कारखानों का किया गया निरीक्षण

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विभिन्न मिठाई, खोवा, नमकीन के निर्माण इकाइयों और प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की जा रही है। 18 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार एवं जितेंद्र सिंह राणा द्वारा नर्मदापुरम स्थित राजस्थान मिष्ठान भंडार की साकेत नगर एवं कूलामडी रोड स्थित कारखानों की जांच की गई। साकेत नगर स्थित मिठाई निर्माण कारखाना में साफ सफाई संबंधी अनिमितता पाए जाने पर विक्रेता को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया जा रहा है, साथ ही गुणवत्ता जांच हेतु कुंदा और बेसन के दो नमूने लिए गए।



इसके अतिरिक्त कुलामडी रोड स्थित कारखाने का भी निरीक्षण किया गया जहाँ से मगध लड्डू, मथुरा पेड़ा एवं मीठा मावा के तीन नमूने लिए गए। इस प्रकार कुल पाँच नमूनों को जांच हेतु लिए गए। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा इस सप्ताह सिवनीमालवा स्थित विभिन्न किराना परिसरों की जांच की गई एवं मसालो, खाद्य तेल, टोस्ट एवं नमकीन के चौदह नमूने जांच हेतु लिए गए। सभी निर्माता एवं विक्रेताओं को साफ सफाई एवं अन्य सावधानी हेतु निर्देश प्रदान किए गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। प्रशासन के आदेशानुसार कार्यवाही सतत जारी रहेगी एवं समस्त दुकानों, वाहनों एवं कारखाने की नियमित निगरानी की जाएगी।

**मेट्रो एंकर** विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए आयोजित होती है प्रतियोगिताएं..

# युवा उत्सव में चित्रकला,नृत्य, भाषण,वाद विवाद प्रतियोगिताएं हुई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज में युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया।

युवा उत्सव प्रभारी जिला समन्वयक डॉ. प्रीति आनंद उदयपुरे ने युवा उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है बल्कि उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास भी होता है। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अमिता जोशी ने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए होती है। विद्यार्थी जीवन का आनंद और अनुभव तथा यहां मिले हुए प्रमाण पत्र और ट्राफी कभी भी रुपए देकर नहीं खरीदे जा सकते। युवा उत्सव में आज अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें 'सदन की राय में एक देश एक चुनाव राष्ट्र के हित में है विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिणाम इस प्रकार रहे-

**पक्ष** - शिवांशु मिश्रा प्रथम, अभय अमोले द्वितीय एवं सुमित यादव तृतीय

**विपक्ष** -विनोद चौहान प्रथम, रूशाली गहलोत द्वितीय एवं रचित अहिरवार तृतीय स्थान पर रहे।

**भाषण प्रतियोगिता विषय 'सायबर क्राइम'**-

अनुष्का सिंह प्रथम,
शिवांशु मिश्रा द्वितीय
अभय अमोले और विनोद चौहान तृतीय

**समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता**-

प्राची समूह प्रथम




मेघा समूह द्वितीय
निकिता समूह तृतीय

**शास्त्रीय एवं भारतीय एकल नृत्य प्रतियोगिता** -

शिवानी साहू प्रथम,
पूनम यादव द्वितीय
भारती धुर्वे तृतीय

एकांकी प्रतियोगिता में सोशल मीडिया के डार्क साइड पर एकांकी नाटक प्रस्तुत में दुर्गेश समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुक अभिनय - निकिता समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

स्किट प्रतियोगिता में 'मद्यपान निषेध' विषय पर अमन समूह प्रथम एवं महिला सशक्तिकरण पर अपनी प्रस्तुति से शिवम समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**कार्टून निर्माण** - स्वीटी गांगले प्रथम, मनोज टेकाम ने द्वितीय एवं सानिया खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता विषय पर पोस्टर निर्माण में प्रथम शांति माझी, द्वितीय काजल बाबरिया एवं तृतीय स्थान आलिया मारूख ने प्राप्त किया।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल थीम पर स्थल चित्रण प्रतियोगिता में रोहन कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मनोज टेकाम,द्वितीय काजल बावरिया एवं पाखी और तनिष्का पाल तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना विश्वास, डॉ. दिनेश श्रीवास्तव और डॉ. निहारिका भावसार ने किया। डॉ के जी मिश्र, डॉ सुधीर दिक्षित, डॉ एन आर अडलक, डॉ कमल वाधवा, डॉ रवि उपाध्याय, डॉ सविता गुप्ता, डॉ ममता गर्ग , डॉ मीना कीर, डॉ आशीष तोमर,डॉ मालती पटेल, डॉ रौशनी थापक, अत्यधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अब धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए 21 तक होंगे पंजीयन

**नर्मदापुरम ।** अपर संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए शेष रहें किसान पंजीयन की अवधि बढाए जाने के संबंध में प्रस्ताव प्रेषित किए गए थे। तत्संबंध में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए शेष रहे किसानों के पंजीयन की अवधि बढ़ाकर 21 अक्टूबर तक कर दी गई है। उक्त अवधि में शेष रहे किसानों का पंजीयन पूर्ण कर सकते है।

## फसल लगाई तो चलेगा ट्रैक्टर, तहसीलदार

# चरनोई की ९०० बीघा जमीन को मुक्त करवाने प्रशासन ने कराई मुनादी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शासन के द्वारा मवेशियों के लिए दी गई चरनोई की भूमि पर कई दबंग लोगों ने बरसों से कब्जा करके उक्त भूमि पर खेती करने का काम किया जा रहा है। इस वजह से मवेशी भूखे प्यासे भटकने को मजबूर है। उनके हक की जमीन को भी कई स्वार्थी लोगों ने अपने कब्जे में कर रखा है उसको छोड़ने को तैयार नहीं हो रहे है। वहीं मोहन सरकार ने गौ माता को उसके हक की जमीन वापस दिलवाने के लिए कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं जिन लोगों के पास चरनोई की है उनसे उक्त जमीन को खाली करवाने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन में सक्रिय हो गया है। एसडीएम हर्षल चौधरी, तहसीलदार संजय चौरसिया ने विकासखंड में लगभग 800 से 900 बीघा जमीन को खाली करने के लिए धरातल पर कार्रवाई करते हुए समस्त पटवारी को निर्देश देकर गांव के चौकीदारों से मुनादी भी करवा दी गई यदि किसी के पास भी चरनोई की भूमि है तो वहां स्वयं छोड़ दे यदि ऐसा नहीं किया गया तो फसल पर ट्रैक्टर चलाने का काम भी किया जाएगा तहसीलदार ने बताया कि जितनी भी जमीन विकासखंड में चरनोई की है उसको खाली करवाने के लिए हमने सभी पटवारी को निर्देशित किया है कि जिन लोगों ने चरनोई की भूमि पर अभी कब्जा कर रखा है उन सबको सूचित कर दिया है कि उसमें अगली फसल की बोनी ना करें यदि ऐसा किया गया तो फसल में ही ट्रैक्टर चलावाने का कार्य किया जाएगा हमारे द्वारा बेदखली की कार्रवाई की जाएगी साथ ही शासन के निर्देश का पालन धरातल पर सख्ती से मुक्त करवाने का काम किया जाएगा यदि ऐसा होता है तो गौ माता को बहुत बड़ा सहारा मिल जाएगा अभी चरनोई की भूमि खाली नहीं होने से वहां दर-दर की ठोकने खाने को मजबूर है।

**राजनीतिक लोगों के कब्जे में भी है जमीन:** चरनोई की जमीन सरकार के द्वारा गौ माता को आरक्षित की गई है उक्त भूमि पर अधिकांश राजनीतिक और रसूखदार लोगों ने कब्जा कर रखा है। तभी तो कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन इनके कब्जे से मुक्त भूमि को खाली नहीं करवाया पाया नोटिस देकर प्रशासन के द्वारा अधिकारियों के द्वारा खानापर्ति कर दी गई है। इस बजह से खाली नहीं हो पा रही है क्योंकि जब भी कार्रवाई की गई तब राजनीतिक दवाब होने से प्रशासन की कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई इस बार सरकार के द्वारा ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए इसके परिणाम स्वरुप ही कलेक्टर ने ही तहसीलदारों को भी चरनोई की भूमि को खाली करवाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए वहीं देखने वाली बात तो है वह होगी कि इस बार प्रशासन भूमि खाली करवा पाएगा या नही।

### इनका कहना है

*चरनोई की भूमि को खाली करवाने के लिए कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है सभी को मुनादी करावकर सूचित भी कर दिया है जिनके पास जमीन है वह उसमें फसल की बोनी ना करें यदि ऐसा करेंग तो उस पर ट्रैक्टर चलवा कर बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।*

***संजय चौरसिया** तहसीलदार*

# नगर पालिका अमले ने अतिक्रमणकारियों पर चालानी कार्रवाई की



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करके यातायात को बाधित करने वालों की वीडियोग्राफी करके चालान कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। शुक्रवार को नगर पालिका अतिक्रमण दल के प्रभारी विनोद शर्मा ,संजय यादव आदि ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों निरीक्षण करके बस स्टैंड, लिंक रोड, मंडी बाईपास रोड आदि पर पहुंचकर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को पहले चेतावनी देते हुए कहा कि मार्ग पर अतिक्रमण न करें यदि किया गया तो चालानी कार्रवाई की जाएगी कई बार की समझाइश के बाद भी अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों पर वीडियोग्राफी के माध्यम से चालानी आरंभ कर दी गई है । 9 लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 2500 जुर्माना राशि भी अमले के द्वारा वसूली गई है साथ ही अतिक्रमण धारियों को सीमा रेखा के अंदर रहने की हिदायत भी दी गई है।

## इन्टर स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन



**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय एमएलबी विद्यालय में आज जिला स्तरीय इन्टर स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पाइप बैंड कैटेगरी में ओलम्पस हाई स्कूल एवं ब्रास बैंड कैटेगरी में वात्सल्य सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के बैंड का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उक्त दोनो बैंड भोपाल में 28 अक्टूबर को आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने हुनर दिखाएंगे। संस्था की प्राचार्यो दीप्ति शुक्ला ने बताया कि शाला परिसर में आज निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में वाद्य यंत्रो से की गई प्रस्तुतियों को विद्यालयीन छात्राओं सहित अन्य के द्वारा एकटक नजर से देखा गया है।

### नैनो डीएपी यूरिया के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए

# एसडीएम ने संभाली खाद की कमान दुकानें देखीं, किसानों को बताए फायदे





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**डीएपी खाद की किल्लत को लेकर किसानों के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है दूसरे विकल्प के रूप में जो खाद दिया जा रहा है उसके प्रति किसानों को जागरूक नहीं किया इस वजह से कृषक उक्त खाद का उपयोग करने से कतरा रहे हैं। सरकार के द्वारा दिए जा रहे नैनो डीएपी सहित अन्य खाद्यों के प्रति किसानों में विश्वास पैदा करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने धरातल पर काम करते हुए किसान से संवाद करके उनको इस खाद के उपयोग के प्रति जागरूक करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम हर्षल चौधरी तथा तहसीलदार संजय चौरसिया ने कई खाद्य की दुकानों का निरीक्षण करके किसानों को जागरूक करते हुए विकल्प के तौर पर शासन से प्राप्त हो रहे ।**

खाद के प्रति किसानों में जागरूकता पैदा करने का काम किया काफी देर तक किसानों से अधिकारियों के द्वारा चर्चा की गई। यह काम पहले से कृषि विभाग के अधिकारियों को करना था पर वह नहीं कर पाए इस वजह से लगातार किसानों के द्वारा डीएपी खाद को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था इसके बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों ने धरातल पर कार्य करते हुए शुक्रवार को एसडीएम , तहसीलदार ने सहकारी समितियां की दुकानों का जायजा लेकर खाद्य वितरण का स्टॉक देख पूरी पारदर्शिता के साथ खाद्य वितरण करने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम श्री चौधरी ने किसानों को नैनो डीएपी यूरिया तथा 20-0 13 और अन्य खाद्यों के बारे में बताते हुए कहा कि यह खाद भी डीएपी की तरह ही काम करेंगे बचा खोकर किस इसका उपयोग फसल की बनी में करें इसमें कोई तरह की परेशानी नहीं होगी यह खाद अच्छी तरह से उर्वरक क्षमता को बढ़ाने का काम करेगा पैदावार में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।एसडीएम ने नगर की हाजीपुर दुकान के अलावा सोना, पथरिया सियालपुर आदि खाद की दुकानों पर पहुंच कर सीधा किसानों से संवाद स्थापित खाद को लेकर किसानों को नैनो डीएपी के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि यह खाद भी डीएपी खाद का ही कार्य करेगा इसलिए खाद का उपयोग सभी किसान भाई करेंगे तो अच्छा फायदा होगा अन्य खाद भी उपलब्ध है इसमें 20-0 13 से लेकर सुपरफास्ट आदि खाद भी डाल सकते हैं। सबसे ज्यादा बढ़ावा इस समय सरकार के अधिकारियों के द्वारा नैनो डीएपी और यूरिया खाद को लेकर दिया जा रहा है। इसके इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा फायदा फसलों को होने का दावा भी अधिकारी कर रहे हैं। यह खाद सहकारी समिति के गोदाम और दुकानों को उपलब्ध है इसकी कोई कमी नहीं है। इसलिए सभी किसान इसका उपयोग करेंगे तो फसलों में किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आएगी डीएपी खाद की तरह ही यह खाद काम करेगा इसी तरह तहसीलदार संजय चौरसिया ने भी चितावर सहित कई दुकानों का जायजा लेकर खाद का स्टाफ देखा और विकल्प के रूप में दिए जा रहा है खाद के प्रति किसानों को जागरुक करते हुए कहा कि इसी खाद का उपयोग करें इस खाद के उपयोग से कोई परेशानी नहीं होगी उत्पादन में और ज्यादा वृद्धि होगी यह खाद भी सभी मानकों के अनुरूप बनाया गया है। साथ ही एसडीएम ने बताया कि यूनिक आईडी की कोई समस्या नहीं है बिना आईडी के भी किसानों को यह खाद प्रदान किया जाएगा सहकारी समितियां के संचालकों और गोदाम के प्रभारी को भी निर्देशित किया गया कि किसानों को खाद के लिए किसी भी तरह से परेशान ना किया जाए वहीं उन्होंने किसानों से भी खाद को लेकर चर्चा की और कहा कि कहीं खाद देने में गड़बड़ी कोई करता है तो हमें बताएं हम कार्रवाई करेंगे । इस पर किसानों ने कहा कि डीएपी खाद नहीं मिल रहा वह खाद दिलवाया जाए इस पर एसडीएम ने जो खाद मिल रहा है उसका उपयोग ज्यादा से ज्यादा मात्रा में इसी खाद के रूप मैं करें किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी यह भी पूरी तरह से सुरक्षित और उपयोगी खाद है। पिछले दिनों ही किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी से साथ किसानों ने डीएपी खाद को लेकर गोदाम पर प्रदर्शन किया था कई दिनों से किसान डीएपी खाद आने का इंतजार कर रहे हैं।

## सशक्त वाहिनी अभियान अंतर्गत आवेदन प्राप्ति की तिथि बढ़ी

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

सशक्त वाहिनी अभियान के अंतर्गत आवेदन प्राप्ति की तिथि बढाई गई है कि जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत राजपूत ने बताया कि अब आवेदन 25 अक्टूबर तक स्वीकार किये जाएंगे। सशक्त वाहिनी अभियान अंतर्गत युवतियों , बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विशेषकर पुलिस भर्ती में चयन हेतु निःशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन ( सोमवार से शुक्रवार ) एवं शारीरिक प्रशिक्षण ( शनिवार और रविवार ) हेतु इच्छुक प्रतिभागियों के आवेदन नवीन तिथि के अनुसार अब 25 अक्टूबर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल कलेक्ट्रेट परिसर जिला विदिशा एवं कार्यालय महिला एवं बाल विकास दुर्गानगर विदिशा में आमंत्रित किये गए है। सशक्त वाहिनी अभियान से लाभांवित होने वाली इच्छुक प्रतिभागी जिन्होंने कक्षा 12वी उत्तीर्ण कर ली हो, कार्यालयीन समय पर अपने दस्तावेज ( आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं कक्षा 10वी, 12वी की मार्कशीट ) की फोटो कॉपी जमा कर प्रवेश ले सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए श्रीमति नीतू सोनी पर्यवेक्षक मो.न. 9009458746 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**मेट्रो एंकर**

### सहरिया समुदाय के परिवारों को चिन्हित कर लाभान्वित किया

# हितग्राही बोले पीएम जनमन योजना ने कच्चे घरों की परेशानियां दूर कर दीं

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**



प्रधानमंत्री जनमन योजना सहरिया जनजाति समुदाय के परिवारों के उत्थान के लिए कारगर साबित हो रही है और पीएम जनमन योजना पीव्हीटीजी मिशन अंतर्गत विदिशा जिले में निवासरत सहरिया समुदाय के नागरिकगण शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर सफलता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

जिले में निवासरत सहरिया समुदाय के परिवारों को चिन्हित कर भारत सरकार द्वारा चिन्हित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है सभी को पक्का आवास, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी तमाम प्रबंध सहरिया समुदाय के लिए उपलब्ध हो सकें इस दिशा में कार्य किये जा रहे हैं।

जिला संयोजक पारुल जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना अंतर्गत विदिशा जिले में पीएम जनमन आवासों का निर्माण कर सहरिया जनजातिय परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। विदिशा जिले में 6888 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 2475 आवासों का निर्माण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत विदिशा जिले में पिछले एक सप्ताह में 154 नवीन आवासों का निर्माण कर सहरिया हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है ताकि कच्चे घरों में रह रहे सहरिया परिवार पक्की छत के नीचे निवास कर सकें।

सहरिया जनजातिय परिवार के नागरिक बताते हैं कि पूर्व में कच्चे घरों में रहना बहुत परेशानियों भरा रहा। सर्दी और बरसात के मौसम में अत्यधिक परेशानियां होती थीं। ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे सहरिया परिवार बताते हैं कि कच्चे घरों की परेशानियां किसी से छिपी नहीं हैं। बारिश के मौसम में अत्यधिक वर्षा हो जाने से कच्ची दीवार ढह जाती थीं। छोटे-छोटे जीव-जंतु घर में प्रवेश करते थे। बीमारियों का खतरा भी बना रहता था लेकिन आज पीएम जनमन योजना अंतर्गत पक्के आवास बन जाने से ये सभी परेशानियां अब दूर हो गई हैं।

## युवक की पंचकुईया की नदी में मिली लाश, पुलिस ने किया मर्ग कायम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

3 तारीख से लापता आकाश अहिरवार उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 17 पंचकुइया की गुरुवार को पंचकुइयों के पास में नदी के कुंड में लाश मिली है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को बाहर निकाला कर उसकी पहचान की गई यहां पिछली 3 तारीख से लापता था 4 तारीख को परिजनों ने थाने में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज करवाया था वही पुलिस ने लाश का शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में पीएम करा कर शब परिजनों को सौंप दिया और मर्ग कायम करके मामले को जांच में लिया । वही लाश मिलने पर सनसनी भी फैल गई है कि 18 वर्षीय लड़के की लाश मिली है और इतने दिनों से लापता था करणों का भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस का उसका कहना है जांच के बाद इसका खुलासा हो पाएगा वहीं कई तरह के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं।

## दिल्ली के खिलाफ दोहरा शतक ठोका

# साई सुदर्शन की टीम इंडिया के दरवाजे पर दस्तक




**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के कप्तान हिम्मत सिंह को परिस्थितियों को सही से नहीं पढ़ पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे तमिलनाडु ने बी साई सुदर्शन ने नाबाद दोहरा शतक ठोका। इसकी बदौलत ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन स्टंप तक एक विकेट गंवाकर तमिलनाडु ने 379 रन बना लिये थे। सुदर्शन 202 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं, उन्होंने एन जगदीशन (101 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 96 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए अभी तक 211 रन की शतकीय साझेदारियां निभाई।

दिल्ली के कप्तान हिम्मत पिच पर बहुत घास होने के कारण सही फैसला नहीं कर सके जबकि यह सपाट निकली। इससे तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने दिल्ली के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। नवदीप सैनी (17 ओवर में 65 रन देकर एक विकेट) और हिमांश चौहान (17 ओवर में 50 रन देकर कोई विकेट नहीं) ने शुरूआती स्पैल में प्रभाव डाला लेकिन सुदर्शन और जगदीशन ने खराब स्पिन गेंदबाजी पर तेजी से रन बटोरे।दिल्ली के टीम प्रबंधन ने बायें हाथ के स्पिनर सुमित माथुर को अंतिम 11 में नहीं चुना जिन्होंने पिछले सत्र में अपने पदार्पण में नौ विकेट झटके थे। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी अपने खिलाड़ियों का खेल देख रहे थे और सुदर्शन के स्ट्रोक्स से वह प्रभावित दिखे।

### 249 बॉल में ठोका दोहरा शतक

सुदर्शन ने दिन के अंत में हर्ष त्यागी पर तेजी से एक रन लेकर 249 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। फिलहाल, सुदर्शन 77 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 202 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। उन्होंने अपनी पारी में अब तक 23 चौके और 1 छक्का भी लगाया है। 23 साल के सुदर्शन लगातार अपने नाम का डंका बजा रहे हैं।उन्होंने डॉमेस्टिक क्रिकेट में खुद को साबित किया है। रेड बॉल क्रिकेट में साई लगातार अच्छा कर रहे हैं। अगर इस तरह से वह खेलते रहे। तो जल्द ही उनकी भारत की टेस्ट टीम में जगह बन सकती है। वहीं साई ने भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी20 भी खेला है। वनडे में उन्होंने 63.50 की औसत से 127 रन ठोके हैं, जिसमें 2 फिफ्टी शामिल हैं।

## पहले टेस्ट का चौथा दिन

# न्यूजीलेंड के खिलाफ सरफराज ने ठोका शतक, भारत अभी पीछे

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। आज यानी शनिवार को खेल का चौथा दिन है। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की और 3 विकेट पर 231 रन बना लिए हैं।सरफराज खान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में शतक ठोक डाला है। उन्होंने 110 बॉल में अपनी सेंचुरी पूरी की। यह सरफराज के टेस्ट करियर का पहला शतक था। खान ने



अपनी पारी में अब तक 13 चौके और 3 छक्के लगाए हैं। हालांकि अब भी कीवी टीम 125 रन से आगे है। न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में सिर्फ 46 रन पर समेटने के बाद 402 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

इससे पहले कल सरफराज खान और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट 231 रन बनाकर मैच में अच्छी वापसी की। पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन से पीछे है और उसके सात विकेट शेष है। दिन के समापन पर भारत सरफराज 70 रन पर क्रीज पर मौजूद थे जबकि कोहली इसी स्कोर पर दिन की आखिरी गेंद पर आउट हुए। हालांकि टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 9000 रन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान विराट कोहली ने 70 गेंद में अपना अर्धशतक भी पूरा किया है। इसके अलावा विराट ने सरफराज खान के साथ मिलकर 100 रनों की पार्टनरशिप भी की।

# मप्र सरकार सुविधाओं के साथ अब खेल पत्रकारों को भी अवार्ड देगी:सारंग

## नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खेल अवार्ड समारोह में सम्मानित हुईं 35 खेल हस्तियां





**दोपहर मेट्रो, भोपाल**

29वें नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खेल अवार्ड समारोह 2024 में खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग ने आज समन्वय भवन सभागृह में ओलंपियन विवेक सागर, शूटिंग ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरा ओलंपियन कपिल परमार, पैरा ओलंपियन रुबीना फ्रांसीस, प्राची यादव, पूजा ओझा सहित कुल 35 खेल हस्तियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अर्जुन अवार्डी सुश्री संध्या अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा समारोह में श्रेष्ठ खिलाड़ी, प्रतिभा खिलाड़ी, कोच, खेल प्रमोटर, खेल पत्रकार, स्पेशल खिलाड़ी एवं खेल संस्थान, स्कूल अवॉर्ड से खिलाडि़यों को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर श्री भगवानदास सबनानी विधायक दक्षिण पश्चिम भोपाल, श्री महासिंह द्रोणाचार्य अवार्डी, श्री रियाज इकबाल डीसीपी जोन-3 मध्यप्रदेश पुलिस, श्री मृगेंद्र सिंह संपादक पब्लिक वाणी, श्री लोकेश कुमार अंचल प्रमुख यूको बैंक भोपाल, श्री राजेंद्र राहुरीकर डायरेक्टर एडवांस फिटनेस विशेष अतिथि एवं शूटिंग ओलंपियन श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर एवं पैरालंपिक पदक विजेता श्री कपिल परमार खिलाड़ी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के संपादक इन्द्रजीत मौर्य, मोहन द्विवेदी, अरूण भगोलीवाल, अजय मौर्य, मनीष शुक्ला, सुरेन्द्र डहारे एवं सुनील खेड़े ने किया। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर दामोदर आर्य ने किया, जबकि आभार प्रकट इन्द्रजीत मौर्य ने किया।

### दो खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

खेल अवार्ड कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग ने मध्यप्रदेश सरकार की ओर घोषणा करते हुए कहा कि अब मध्यप्रदेश के खेल पत्रकारों को भी विक्रम अवार्ड में शामिल कर अवार्ड प्रदान किया जाएगा। श्री विश्वास सारंग ने कहा कि पिछले कई दिनों से इस विषय पर हमारी चर्चा चल रही थी, जिसे आज घोषित किया गया। उन्होंने खेल पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि देश-प्रदेश के खिलाडि़यों को बढ़ावा देने में खेल पत्रकारों का बड़ा योगदान है। श्री सारंग ने कहा कि मप्र खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है और हमारे खिलाड़ी बड़ी-बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर लगातार पदक जीत रहे हैं। मप्र सरकार खिलाडि़यों को अच्छी सुविधा देने का काम कर रही है। इसके बदले हम खिलाडि़यों से सोने के पदक की उम्मीदें करते हैं। जिससे राष्ट्रीय खेल जगत में मध्यप्रदेश को एक नई पहचान मिलेगी। श्री सारंग ने इस मौके पर खेल पत्रिका नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स और उसके द्वारा दिए जाने वाले 29वें खेल अवार्ड की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि लगातार 31 साल से खेल पत्रिका निकालना एवं लगातार 29 साल से खिलाडि़यों के लिए अवार्ड समारोह आयोजित करना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खेल पत्रिका निकालना सफेद हाथी पालने जैसा है। इस मौके पर मृगेंद्र सिंह ने कहा कि इस सम्मान समारोह से निश्चित ही खिलाडि़यों का मनोबल बढ़ेगा और वे देश-प्रदेश के लिए पदक जीतेंगे। श्री रियाज इकबाल डीसीपी मप्र पुलिस ने कहा कि खिलाडि़यों को मैदान में कड़ी मेहनत करनी होगी तभी सफलता संभव है। मैं चाहता हूं कि हमारे खिलाड़ी मैदान में अच्छा प्रदर्शन कर ढेर सारे पदक जीते। उन्होंने युवा खिलाड़ी मैदान कैसे अच्छा प्रदर्शन करे उसके लिए भी उन्हें कई टिप्स दिए। कार्यक्रम को शूटिंग ओलंपियन एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर एवं पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता कपिल परमार ने भी संबोधित किया।



## मेट्रो बाजार

# 5 हजार करोड जुटाने अब तीन कंपनी आ रही मैदान में




शेयर बाजार में उठापटक के बावजूद प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ से कंपनियां दिसंबर तक रिकॉर्ड 1.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटा सकती हैं।?इससे पहले 2021 में 63 कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 1.20 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। 64 कंपनियों ने आईपीओ से इस साल अब तक 93,647 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अगले हफ्ते तीन कंपनियां 5,000 करोड़ से ज्यादा रकम जुटाने के लिए उतरेंगी। इस तरह, इस महीने के अंत तक आईपीओ से जुटाई जाने वाली रकम 97,782 करोड़ रुपये पहुंच जाएगी।नवंबर के पहले हफ्ते में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10,000 करोड़ का आईपीओ ला रही है।? इसे मिला दें तो कुल रकम 1.08 लाख करोड़ हो जाएगी। शापूरजी पलोनजी की अफकॉन्स इन्फ्रा भी 8,000 करोड़ और स्विगी 11,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार में उतरेगी। विश्लेषकों के मुताबिक, आईपीओ का यही रुझान बना रहा तो दिसंबर तक ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक पैसा कंपनियां जुटा सकती हैं।

**संख्या के लिहाज से टूटा रिकॉर्ड:** वैसे आईपीओ की संख्या के लिहाज से रिकॉर्ड टूट चुका है। 2024 में अब तक 64 कंपनियां बाजार में उतरी हैं और अगले हफ्ते तीन उतरेंगी। 2023 में 58 कंपनियों ने 49,437 करोड़, 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ और 2021 में 63 कंपनियों ने 1.20 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

2020 में 15 कंपनियां, 2019 में 16 कंपनियां, 2018 में 24 और 2017 में 38 कंपनियां आईपीओ लाई थीं। 2017 में कुल 75,279 करोड़ रुपये की दूसरी सबसे बड़ी रकम जुटाई गई थी।

**2025 में भी जमकर बनी रहेगी तेजी:** अगले साल भी जमकर कंपनियां पूंजी बाजार में उतरेंगी। अगले साल जिन बड़ी कंपनियों के इश्यू लाने की उम्मीद है उनमें टाटा संस सबसे हिट है। हालांकि, अभी टाटा संस आईपीओ से बच रहा है।

## महंगे होम लोन बने रियल एस्टेट क्षेत्र की बाधा

भारत की आर्थिक वृद्धि रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी से विस्तार को बढ़ावा दे रही है। आवासीय बाजार हर साल 25.6 फीसदी की दर से बढ़ रहा है, जिसके 2029 तक बढ़कर 1.04 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, इस वृद्धि में महंगे होम लोन बड़ी बाधा बन सकते हैं। फिक्की और एनारॉक के 'मकान खरीदार धारणा सर्वेक्षण' सर्वे में शामिल करीब 90 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि होम लोन के 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदने की उनकी इच्छा प्रभावित हो सकती है। सर्वे में दावा किया गया है कि 71 फीसदी से अधिक लोग मानते हैं कि अगर ब्याज दर 8.5 फीसदी से कम रहती हैं, तो खरीदारी का फैसला प्रभावित नहीं होगा।?54 फीसदी ने कहा, ब्याज दर 8.5 फीसदी से 9 फीसदी के बीच होने पर उन्हें अपनी पसंद पर विचार करना पड़ेगा।करीब 98 फीसदी मकान खरीदारों की प्राथमिकता समय पर परियोजनाओं का पूरा होना है। 93 फीसदी लोग बेहतर निर्माण गुणवत्ता चाहते हैं, जबकि 72 फीसदी उत्तरदाता अच्छे हवादार मकान खरीदना चाहते हैं।59 फीसदी से अधिक लोगों के लिए रियल एस्टेट निवेश का पसंदीदा क्षेत्र है। 67 फीसदी से अधिक लोग खुद के इस्तेमाल के लिए मकान खरीदना चाहते हैं। 35 फीसदी से अधिक खरीदारों के लिए 45-90 लाख का बजट पसंदीदा विकल्प है। 28 फीसदी 1.5 करोड़ तक के मकान खरीदना चाहते हैं।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 70 बॉडी गार्डस के साथ बिग बॉस की शूटिंग करने पहुंचे सलमान



दबंग भाईजान की जान इस समय खतरे में है. लॉरेंस बिश्नोई की ओर से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं. सलमान, रियलिटी शो %बिग बॉस 18% होस्ट कर रहे हैं. ऐसे में %वीकेंड का वार% एपिसोड शूट करने के लिए सलमान मुंबई के फिल्मसिटी पहुंचे. 3 घंटे की देरी से ही सही, लेकिन लॉरेंस की धमकी भी सलमान को शूट करने से रोक नहीं पाई. भाईजान ने डंके की चोट पर शूटिंग शुरू कर दी है.

### सलमान ने शुरू किया बीबी 18 का शूट

रिपोर्ट आ रही है कि सलमान, फ्लोर पर आ चुके हैं. और शूटिंग शुरू भी कर चुके हैं. हालांकि, सलमान वैसे तो दोपहर खाना खाने के बाद करीब 4 बजे शूट शुरू कर देते हैं, लेकिन इस बार 3 घंटे देरी से उन्होंने शूटिंग शुरू की. इसके पीछे एक वजह ये भी है कि इस बार वीकेंड के वार पर कोई भी सेलेब अपनी फिल्म का प्रमोशन करने नहीं आने वाला है.

हालांकि, कहा जा रहा है कि 'लाफ्टर शेफ' से कृष्णा अभिषेक और सुदेश लहरी, इस हफ्ते ठहाकों का तड़का लगाने के लिए आ सकते हैं. घर के अंदर दोनों ही मजेदार बातें करेंगे और कंटेस्टेंट्स के साथ मस्ती भी करेंगे. कुछ गेम्स भी खेले जाएंगे. सलमान के कंपाउंड में किसी भी आउटसाइडर को आने की इजाजत नहीं है. अगर कोई आता भी है तो उसपर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और एंट्री, आधार कार्ड के वैरिफिकेशन के बाद ही होगी।

# बाक्स ऑफिस पर देवरा का निकला दम



सिनेमाघरों में एक के बाद एक फिल्मों का आना जारी है। हालांकि, इनमें से कुछ ही फिल्में दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ पा रही हैं। 2024 में अब तक कई बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई हैं। तो कुछ छोटे बजट की फिल्मों ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सिनेमाघरों में लगी हुई हालिया रिलीज बॉलीवुड और साउथ फिल्मों का हाल बेहाल नजर आ रहा है। आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा', राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो', रजनीकांत-अमिताभ बच्चन की 'वेट्टैयन' और जूनियर एनटीआर जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा पार्ट वन' के लेटेस्ट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर गौर करें तो जिगरा' में आलिया भट्ट का एक्शन अवतार देखने को मिला है। फिल्म में उनके साथ वेदांग रैना ने भी अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 4.55 करोड़ रुपये की ओपनिंग लेने वाली 'जिगरा ने अपनी रिलीज के पहले हफ्ते में 22.45 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं, मूवी ने रिलीज के आठवें दिन यानी शुक्रवार को 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह आलिया की फिल्म का अब तक का कुल कारोबार 23.60 करोड़ रुपये ही रहा है। 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म के बॉक्स ऑफिस आंकड़े निराश करने वाले हैं।

राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े। हालांकि, उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' दर्शकों का दिल जीतने से चूक गई है।रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, फहद फाजिल और राणा दग्गुबाती जैसे सितारों से सजी फिल्म 'वेट्टैयन' का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार था।

## 'ज्विगाटो' डेढ़ साल बाद अब ओटीटी पर



कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' याद है? 17 मार्च, 2023 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। मगर उसके पहले साल 2022 में हुए टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिव में इसे दिखाया गया था। देखा जाए तो सालभर से भी ज्यादा का वक्त हो गया है और ये मूवी किसी ह्रञ्ज प्लेटफॉर्म पर मौजूद नहीं। मगर अब इसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। आइए बताते हैं कब और कहां देख सकते हैं। कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। इस मूवी में कोविड-19 के कारण लगे लॉकडाउन की कहानी दिखाई गई थी जो एक डिलीवरी बॉय के इर्द-गिर्द बुनी गई थी। भुवनेश्वर में मानस, जिसका किरदार एक्टर निभा रहे हैं, उनको फैक्ट्री से निकाल दिया जाता है। जिसके बाद वह एक डिलीवरी बॉय की नौकरी करते हैं और उसमें आने वाली मुश्किलों को झेलते हैं।कपिल शर्मा की ये फिल्म थिएटर्स में रिलीज के डेढ़ साल बाद अब ह्रञ्ज पर आ रही है। इसे आप 25 अक्टूबर 2024 को प्राइम वीडियो पर देख सकेंगे। इस मूवी में कपिल शर्मा के अलावा, गुल पनाग, शहाना गोस्वामी, सयानी गुप्ता, तुषार आचार्य, स्वानंद किरकिरे, दीपनवित दशमोहपात्र, प्रसनजीत महापात्र और अभिषेक गिरी जैसे कलाकार शामिल हैं।

पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश

# डीजे के शोर के बीच मासूम की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन ने भोपाल सहित प्रदेश के सात मामलों में संज्ञान लिया है। भोपाल जिले के साईं नगर हबीबगंज इलाके में रहने वाले एक आठ वर्षीय मासूम बच्चे की दुर्गा विसर्जन के लिये मोहल्ले में आये डीजे के तेज आवाज से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मासूम बच्चा डीजे की आवाज सुनकर डांस करने चला गया, इसी दौरान डीजे की तेज आवाज और शोर से बच्चा बेहोश होकर नीचे गिर गया। इसके बाद बच्चे को उसकी मां और स्थानीय लोग अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मामले में आयोग ने पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही डीजे वालों के विरूद्ध की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

जंगल में नवजात बच्ची मिलने के मामले में आयोग ने सीएमएचओ एवं महिला बाल विकास अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नवजात बच्ची के स्वास्थ्य एवं संरक्षण एवं परवरिश के लिये किये गये कार्य का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल जिले के नजीराबाद स्थित ग्राम बमोरा के जंगल में बीते बुधवार को एक नवजात बच्ची के मिलने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 100 ने बच्ची को तत्काल इलाज के लिये बैरसिया अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची को कमला नेहरू अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। जहां नवजात बच्ची का इलाज जारी है, डॉक्टरों ने बच्ची को स्वस्थ बताया है।

**गड्ढा खोदकर चौंबर बनाना भूला बीडीए:** भोपाल शहर के सलैया स्थित 13 शटर आकृति ग्रीन के पास सड़क किनारे सीवेज चौंबर बनाने के लिये खोदे गये गड्ढे को खुला छोड देने का मामला सामने आया है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि विगत 15 दिन पहले यहां भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सीवरेज चौंबर बनाने के लिये गड्ढा खुदवाया। जहां न तो चौंबर का निर्माण करवाया और न ही सुरक्षा का इंतजाम किये।

### जेवर, नगदी मोबाइल समेत तीन लाख की चोरी

# नर्मदा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच से महिला का पर्स चोरी

## पठानकोट और हजरत निजामुद्दीन में भी वारदात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। अज्ञात चोर नर्मदा एक्सप्रेस में करेली से इंदौर का सफर कर रही थी। इस दौरान कमला पति रेलवे स्टेशन आते तक पर्स चोरी हो गया। पर्स में गोल्ड, नगदी, मोबाइल समेत तीन लाख रुपए का सामान था। जीआरपी कमला पति ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इसी तरह की एक अन्य वारदात बदमाशों ने हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला के साथ की और उनका पर्स चुरा लिया। पर्स में गोल्ड की दो चूड़ियां और दस हजार रुपए की नगदी थी। इसके अलावा दो यात्रियों के तीन मोबाइल चोरी हुए है।





**अन्य वारदातों में भी लाखों का माल चुराया**

जीआरपी के अनुसार अमित पटेल पिता रवीन्द्र पटेल, बिचौली हब्सी लाईट हाऊस प्रोजेक्ट, कनाडिया, इंदौर में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि 17 अक्टूबर को वह परिवार सहित करेली से इंदौर की यात्रा नर्मदा एक्सप्रेस से कर रहे थे। एस-7 में उनका रिजर्वेशन था। उनकी पत्नी बर्थ पर अपना पर्स सिर के नीचे रखकर सो रही थी। पर्स में दो मोबाइल, दो सोने के मंगलसुत्र, कान के सोने के सुई धागा और नगदी पांच हजार रुपए और घर की चाबियां थी। इटारसी तक उन्होंने देखा तो पर्स था। इसके बाद ट्रेन कमलापती स्टेशन पर पहुंची तो पर्स चोरी हो चुका था। अमित ने पत्नी के दोनों मोबाइल पर कॉल किए तो एक पर बेल जा रही थी, जबकि दूसरा बंद हो गया था। कमला पति रेलवे स्टेशन पर अमित ने आरपीएफ स्टाफ को शिकायत की। उन्होंने कहा कि इंदौर पहुंचकर जीआरपी ने शिकायत करा दीजिए। वहां एफआईआर होने के बाद केस डायरी रानी कमला पति जीआरपी को भेजी गई है। अमित की पत्नी के पर्स में रखी नगदी समेत करीब तीन लाख रुपए की चोरी हुई है।

### दो मोबाइल चोरी

इधर फतेहपुर उत्तर प्रदेश निवासी 32 साल के रामबरन ने बताया कि वह हजरत निजामुद्दीन एक्स के कोच एस/5 में विजयपुर से झांसी की यात्रा कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर पता चला कि उनके दो मोबाइल कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है।

### महिला यात्री के 2 सोने की कंगन और दस हजार की नगदी चोरी

इधर जीआरपी भोपाल ने बताया कि रचना गुप्ता पति प्रेमप्रकाश (62) खानपुर डेवली रोड, दिल्ली में रहती हैं। गत 22 अक्टूबर को वह हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सफर कर रही थी। कोपरगांव से हजरत निजामुद्दीन की यात्रा के दौरान भोपाल स्टेशन पर ट्रैन में उनका किसी ने पर्स चुरा लिया। पर्स में दो सोने की चूड़िया और दस हजार रुपए की नगदी थी। उन्होंने झांसी जीआरपी को शिकायत की थी। वहां से केस डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पर्स के अंदर से छोटा पर्स चोरी

नर्मदापुरम निवासी अनूप दुबे शिकायत करते हुए बताया कि वह रेल्वे स्टेशन दिल्ली से नर्मदापुरम की यात्रा पठानकोट एक्स के एसी टू कोच में कर हरे थे। उनके साथ उनकी पत्नी थी। दंपती ने खाना खाया और अपनी अपनी सीट पर सो गए। जब भोपाल स्टेशन आया तो पत्नी ने एक पानी बोतल और दो चाय ली। उन्होंने बडे पर्स में रखे छोटे पर्स से पैसे निकालने चाहे, लेकिन छोटा पर्स नहीं था। पर्स में 12 हजार रुपए की नगदी, एक सोने की चेन 10 ग्राम कीमती 60 हजार रुपए की थी। अज्ञात चोर उनके पर्स समेत 72 हजार रुपए का सामान चुराकर ले गया है।

### अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

# मवेशियों के अवशेष मिलने पर बवाल, हिंदू संगठन ने किया हंगामा





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव कुल्होर में सुबह उस समय हंगामा हो गया जब कुछ लोगों ने खेत पर मवेशी के अवशेष पडे देखे। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए और हिंदू संगठन के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पशु वध अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बैरसिया के ग्राम कुल्होर स्थित पेट्रोल पंप के पीछे खेत में लोगों ने मवेशी के अवशेष पडे देखें। यहां किसी जानवर को काटा गया था।

जिसके सींग और खुर समेत अन्य अवशेष पडे हुए थे। ग्रामीणों को जानकारी मिली तो वह हिंदू संगठन के साथ मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। हंगामे की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को समझाइश दी और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। इसके बाद ही हंगामा शांत हो सका।



## करंट लगने से मजदूर की मौत

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में पुताई करते समय एक मजूदर करंट से झुलस गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार राहुल नगर शाहपुरा निवासी गरीबदास बघेल (55) पुताई का काम करते थे। शुक्रवार को वह चूनाभट्टी गांव स्थित राममंदिर के पास एक घर में पुताई कर रहे थे। उनके हाथ में पुताई का रोलर था। जोकि घर से बाहर जा रही बिजली के तार से टकरा गया। इससे उन्हें करंट लग गया। अचेत हालत में साथी उन्हें पास स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किराएदार आपस में लड़े, मारपीट दांत से काटा, काउंटर प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित गली नंबर पांच द्वारिका नगर में दो किराएदार आपस मे भिड़ गए। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के बीच एक ने दूसरे को दांत से काट लिया। पुलिस ने दोनों किराएदारों की शिकायत पर काउंटर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि द्वारिका नगर निवासी मनीष द्विवेदी (28) मूलतः मऊगंज के रहने वाले हैं। वे प्राइवेट कंपनी में मार्केटिंग का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकातय करते हुए बताया कि उनके पड़ोस में लक्ष्मण सिंह सेन किराए से रहता है। मनीष कभी गैलरी से निकलते हुए मोबाइल पर अपने मार्केटिंग के काम से मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। इसी बात को लेकर लक्ष्मण सिंह सेन उनकी शिकायत मकान मालिक से कर दी। गुरुवार दोपहर साढे बजे वे गैलरी में खडे थे, तभी लक्ष्मण सिंह सेन आया



और कहने लगा कि तूने मेरी मकान मालिक से झुठी शिकायत की है और गालीगलौज करने लगा।

गाली देने से मना करने पर लक्ष्मण सिंह ने हाथ-मुक्कों से की और धक्का दे दिया। वे गिरे तो लक्ष्मण ने उनके दाहिने हाथ कि कलाई पर दांत से काट लिया। विवाद होता देख पड़ोस में रहने वाले अन्य लोग आए और बीच बचाव किया। इधर, लक्ष्मण सिंह निवासी रायसेन ने बताया कि वे निजी अस्पताल में काम करते है। उनके कमरे के बाहर मनीष द्विवेदी खड़ा होकर मोबाइल पर बात करता है, जिससे परिवार को परेशानी होती है। उसे कमरे के बाहर खडे होकर बात करने से मना किया था। इसी बात को लेकर उसने मकान मालिक से शिकायत कर दी। इसी बात को लेकर मनीष अपनी पत्नी के साथ उनके कमरे पर पहुंचकर गाली गलौज करने लगा।

# फर्जी मूल प्रमाण पत्र लगाकर पीएमटी में दाखिला लेने वाले सौरभ को हुई सजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी का फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र लगाकर पीएमटी में दाखिला लेने वाले आरोपी सौरभ सचान को अतुल सक्सेना की कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। लोक अभियोजक सुधा विजय सिंह भदौरिया ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने व्यापमं घोटाले के संबंध में फर्जी तरीके से डॉक्टर बनने वालों की एसटीएफ को साल 2021 में शिकायत की थी। जिसमे उन्होने संदिग्धों की सूची भी भेजी थी। उन्होंने अपनी शिकायत मे बताया था कि संदिग्ध छात्र उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश का मूलनिवासी प्रमाणपत्र बनवाकर परीक्षा दी है। उनके सीट आवंटन पत्र में चस्पा फोटो भी भिन्न हैं। एसटीएफ ने मामले के आरोपी सौरभ सचान की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि उसने फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र के माध्यम से मेडिकल कालेज मे दाखिला लिया है। इसके लिए उसने अनुविभागीय अधिकारी त्यौंथर जिला रीवा से जारी किया गया फर्जी प्रमाण पत्र लगा दिया। जांच में आया कि त्यौंथर प्रशासन से उसका प्रमाण पत्र नहीं जारी किया गया था।

**पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की शिकायत पर एसटीएफ ने दर्ज की थी एफआईआर**



# बैरागढ़ स्टेशन के पास खून से लथपथ मिला शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह प्लेटफार्म के पीछे की तरफ झाड़ियों से एक युवक का खून से लथपथ शव बरामद किया गया है। एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल की जांच के बाद पुलिस युवक की हत्या होना मानकर चल रही थी। उधर पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने किसी तेज रफ्तार ट्रेन से टकराने के कारण युवक की मौत होना बताई है। पुलिस इस मामले में अब अन्य साक्ष्य तलाशने में जुट गई है। बैरागढ़ थाना प्रभारी कमलजीतसिंह रंधावा ने बताया कि शुक्रवार सुबह रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म के पीछे झाडियों से एक युवक का शव बरामद हुआ है। उसके सिर व चेहरे पर चोट के निशान थे। पास ही पड़े पत्थर पर भी खून लगा था। युवक की पहचान 29 वर्षीय राहुल जाट निवासी बागमुगालिया के रूप में हुई। राहुल बैरागढ़ में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। वह पांच वर्ष से करोंद में अपनी बुआ के पास रहता था, लेकिन लगभग एक माह से रेलवे स्टेशन के फुटपाथ पर रहने लगा था। उसे शराब पीने की लत थी।







मेट्रो एंकर

### दो दिन पहले 16 अक्टूबर की शाम से था लापता

# मांडवा बस्ती के पास नाले में मिला युवक का शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित मांडवा बस्ती के पीछे नाले से शुक्रवार दोपहर एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक 16 अक्टूबर बुधवार शाम से लापता था। गुरुवार को परिजन ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अजय जाटव पिता अमर सिंह जाटव (20) पुरानी बस्ती, सबरी नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था।

बुधवार शाम वह घर से रहस्यमय तरीके से लापता हो गया। परिजन ने उसकी तलाश की, पर कुछ पता नहीं चला। गुरुवार को परिजन थाने पहुंचे और उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि



मांडवा बस्ती के पीछे नाले में किसी युवक की लाश पड़ी है। गुमशुदगी के आधार पर पुलिस ने परिजन से संपर्क किया और लाश दिखाई तो परिजन ने मृतक की पहचान अजय जाटव के रूप में कर ली।

**महज पांच फीट है पानी:** थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि बुधवार शाम अजय को उसके दोस्त के साथ नशे में देखा गया था। जिस नाले में अजय की लाश मिली उसमें महज चार से पांच फीट गंदा पानी होगा और दलदल ज्यादा है। पास ही लोग निकलकर जाते हैं। अनुमान है कि नाले के पास से गुजरते समय वह नाले में गिरकर दलदल में फंस गया होगा।

### सडक हादसे में युवक की मौत

शाहपुरा इलाके में बाइक फिसलने से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तो? दिया। युवक प्राइवेट जॉब करता था। शाहपुरा पुलिस हादसे की वजह की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, रोहित नगर निवासी 26 वर्षीय मोहित जोशी प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। 15 अक्टूबर को इंकम टैक्स कालोनी के पास अपनी बाइक से गिर गया था। उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया था। इलाज के दौरान उसने शुक्रवार सुबह दम तो? दिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022